उज्जैन
सोमवार
06
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-152
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



मोना ने गौरव को धुरंधर का स्पॉइलर देने से रोका शूटिंग के सेट पर समझाया कि फिल्म रिलीज से पहले जानकारी साझा करना गलत है



## शराब नीति मामला- केजरीवाल हाईकोर्ट में आज खुद रखेंगे पक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को शराब घोटाले मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में खुद अपनी दलील रख सकते हैं। यह मामला सीबीआई की उस याचिका पर से जुड़ा है, जिसमें ट्रायल कोर्ट से केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई है। रविवार को केजरीवाल और अन्य 22 पूर्व आरोपियों ने इस मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को मामले से अलग (रिक्यूज) करने की मांग की थी। आरोपियों ने मामले को दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने की अपील की थी। हालांकि इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि रिक्यूजल का निर्णय संबंधित जज ही लेता है।

## ईंधन संकट से निपटने के लिए नेपाल में 2 दिन की छुट्टी, काम के घंटे भी बदले

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध के चलते पैदा हुए ईंधन संकट के बीच नेपाल सरकार ने सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में दो दिन की छुट्टी लागू की है। सरकार के मुताबिक, अब शनिवार और रविवार को सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। इससे पहले केवल शनिवार को छुट्टी होती थी। छुट्टियों के साथ काम के घंटे भी बदल दिए गए हैं। अब सरकारी दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे, जबकि पहले यह समय 10 बजे से 5 बजे तक था। सरकार की प्रवक्ता सस्मिता पोखरेल ने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई में बाधा के कारण यह फैसला लिया गया है। इससे पहले नेपाल ने एविएशन फ्यूल की कीमतों में 117% तक बढ़ोतरी की थी, ताकि सप्लाई जारी रखी जा सके।

## मैंने चिट्ठी फाड़कर चड्ढा के मुंह पर मारी गेटआउट कहा



**मोहाली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के झगड़े में पटियाला से कांग्रेस सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी की भी एंट्री हो गई है। एक पॉडकास्ट के दौरान डॉ. गांधी ने कहा कि जब वह आप से पटियाला के सांसद थे तो राघव चड्ढा ने उन्हें चिट्ठी देकर लोकसभा में बोलने के लिए कहा। हालांकि उन्होंने राघव की लाई चिट्ठी फाड़कर उनके मुंह पर मार दी और गेटआउट कहकर पंजाब भवन से निकाल दिया। डॉक्टर गांधी ने एक निजी सोशल मीडिया चैनल से बात करते हुए ये बातें कहीं।

## ढाका के पास गैस लाइटर फैक्ट्री में आग, 5 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के पास स्थित केरानिगंज के कदमतली इलाके में शनिवार दोपहर गैस लाइटर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस के मुताबिक, आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के लिए दमकल की 7 यूनिट तैनात की गईं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शाम तक राहत और बचाव दल ने मलबे से 5 शव बरामद किए। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।

# सिक्किम में बर्फबारी-भूस्खलन, 1500 टूरिस्ट फंसे

## 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, यूपी में बिजली गिरने से 3 दिन में 15 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल





सिक्किम के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। यहां 1500 टूरिस्ट फंसे हैं। यहां आज सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है।

इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री धाम समेत 3 जिलों में रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं 6 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के ऊंचे इलाकों में भी बर्फबारी हुई। गोंदला में 28.5 सेंटीमीटर, केलांग में 20.0 सेमी, हंसा में 5 सेमी बर्फ गिरी। जबकि शिमला, कुल्लू और मंडी में ओले गिरने से सेब की फसल को नुकसान हुआ।

- यूपी में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 72 घंटे में 15 लोगों की मौत हुई है। काशी, गोंडा, सुल्तानपुर और कानपुर समेत 11 जिलों में रविवार को रुक-रुककर बारिश हुई। कानपुर, मथुरा, संभल में ओले गिरे।
- राजस्थान में आज से नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। 14 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश का अलर्ट है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना है।

# इंदौर में ट्रक के पीछे जा घुसी कार, 4 की मौत

## आष्टा से बारात लौट रही थी, अचानक ब्रेक लगाने से भिड़े, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार (क्वालिस) ट्रक के पीछे जा घुसी। देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास रविवार देर रात हुए इस हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

**हादसे में कार के परखच्चे उड़े**

3 लोगों ने मौके पर दम तोड़ा, जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हुई। मृतकों के परिजन के मुताबिक वे शादी समारोह के बाद लौट रहे थे। आगे चल रहे ट्रक में भूसा भरा था। ड्राइवर तेज रफ्तार से चला रहा था। ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास उसने एक गाड़ी को ओवर टेक किया था। इस बीच अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे चल रही कार का ड्राइवर ब्रेक नहीं लगा पाया और वह पीछे से आयशर ट्रक में जा घुसी। इससे कार के परखच्चे उड़ गए।

पुलिस के मुताबिक हादसे में इरफान (24) पिता अशफाक, आरिस (20) पिता साजिद और फरहान (19) पिता जावेद मेव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अरफाद (23) पिता रईस खान ने उपचार के दौरान दम तोड़ा।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार (क्वालिस) के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर चक्काजाम किया। कुछ लोगों ने जिम्मेदार वाहन में आग लगाने की कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

# ईरान और अमेरिका में 45 दिन के सीजफायर पर बातचीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव



ईरान और अमेरिका के बीच 45 दिन के सीजफायर को लेकर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बड़े हमले किए जा सकते हैं, जिसकी तैयारी अमेरिका और इजराइल ने कर ली है।

एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्तावित समझौते के पहले चरण में 45 दिन का सीजफायर लागू किया जाएगा, जिसके दौरान स्थायी शांति समझौते पर बातचीत होगी।

इस बातचीत में पाकिस्तान, मिस्त्र और तुर्किये मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। मध्यस्थों का कहना है कि अगले 48 घंटे इस डील के लिए आखिरी मौका हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने ईरान के ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर हमले की योजना तैयार कर रखी है। हालांकि, ईरान फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट और अपने परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर कोई बड़ी रियायत देने के मूड में नहीं दिख रहा है।

**दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक नई पहल**

# सरकारी, गैर-सरकारी सार्वजनिक भवनों का एक्सेस सोशल ऑडिट कराया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सरकार अब प्रदेश के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक नई पहल करने जा रही है। अब भी प्रमुख सरकारी और गैर-सरकारी सार्वजनिक भवनों का एक्सेस सोशल ऑडिट कराया जाएगा।

इसका मकसद ये तय करना है कि कोई भी दिव्यांग बिना किसी बाधा के सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों और स्कूलों में जा सके। इस ऑडिट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि भवनों की सुगम्यता की जांच करने वाली टीम में खुद दिव्यांगजन शामिल होंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इसके लिए सभी जिले में 5 सदस्यीय टीम बनाने के निर्देश उज्जैन के साथ ही अन्य जिलों के कलेक्टर को दिए हैं जिसमें एक अस्थिबाधित, एक दृष्टिबाधित और एक श्रवण बाधित दिव्यांग अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएंगे। इनके साथ ही हर जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के 2 एक्सपर्ट भी होंगे। अब तक जिलों में इस तरह की व्यवस्था नहीं थी।

सरकार इसके लिए टीम में शामिल दिव्यांगों को निरीक्षण के लिए 300 रुपये मानदेय के साथ 500 रुपये परिवहन व्यय भी देगी। जिलों में जांच टीमें सबसे पहले उन जगहों पर पहुंचेंगी जहां आम जनता का आना-जाना सबसे अधिक होता है। इनमें जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला न्यायालय, सरकारी अस्पताल, प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम, नगर पालिका, प्रमुख स्कूल, प्रमुख कॉलेज और अन्य बड़े संस्थान शामिल हैं। यह टीम अपनी रिपोर्ट फोटो के साथ विभाग को सौंपेगी। यदि किसी भवन में रैंप नहीं है या शौचालय सुगम्य नहीं है, तो ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर वहां सुधार कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए सभी टीमों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने सभी कलेक्टरों को इन टीमों का गठन पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



## खबर एक नजर...

### रंजीश में पड़ोसी ने रिक्शा में लगाई आग

**उज्जैन।** रंजीश में शनिवार-रविवार रात 2 बजे पड़ोसी ने घर के बाहर खड़ी रिक्शा में आ लगा दी। चालक बाहर आता उससे पहले पड़ोसी भाग निकला। रिक्शा में लगी आग को बुझाया जाता उससे पहले पूरी जल चुकी थी। मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के मालनवासा है। यहां रहने वाले कमल परमार ने पांच माह पहले ई-रिक्शा खरीदा था। रात में उसने रिक्शा घर के बाहर खड़ा किया था। कमल मोबाइल पर फिल्म देख रहा था उसी दौरान 2 बजे के लगभग उसने खिड़की से रिक्शा जलती देखी। वह तुरंत बाहर आया तो पड़ोस में रहने वाला सोनू राठौर भागता दिखाई दिया। कमल ने परिवार को जगाया और रिक्शा की आग बुझाई। लेकिन पिछला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। कमल ने बताया कि सोनू से उसका पुराना विवाद है। इसी रंजीश में उसने रिक्शा में आग लगाई है। जब वह बाहर आया तो सोनू भाग रहा था। रिक्शा में हुई आगजनी का मामला नागझिरी थाना पुलिस ने जांच में लिया है।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** लम्बे समय से बीमार चल रहे बुजुर्ग ने शनिवार-रविवार रात घर में फांसी लगा ली। सुबह कमरे से बाहर नहीं आने पर पुत्र पहुंचा तो उसने पिता को फंदे पर लटका देखा। इंगोरिया थाना पुलिस को रविवार सुबह खबर मिली की कस्बे में रहने वाले बाबूलाल नायक 55 साल का घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारा। परिजनों से बताया कि पुत्र दीपक जब कमरे में पहुंचा तो उसने पिता को देखा। बाबूलाल लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें कैंसर था। संभवतः इसी के चलते रात में आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### प्रभावित लोग आज घेरेंगे हाउसिंग बोर्ड का दफ्तर

**उज्जैन।** एमआर-4 चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले ढांचा भवन क्षेत्र के रहवासी आज मप्र हाउसिंग बोर्ड कार्यालय घेरेंगे। प्लॉट और मकान खरीदी के प्रमाण प्रस्तुत करते हुए वे ?अधिकारियों से सवाल जवाब करेंगे। ढांचा भवन विश्व बैंक कॉलोनी के रहवासियों ने तैयारी कर ली है। कॉलोनी के रहवासी सावन कुशवाह ने बताया कि शासकीय संस्था द्वारा बसाई गई कॉलोनी में मकान व प्लॉट खरीदे हैं। सारे दस्तावेज हमारे पास है। बावजूद इसके अफसर पास की खाली पड़ी सरकारी जमीन में सड़क बनाने के बजाय हमारे मकान तोड़कर हमें बेघर करने पर आमादा हो रहे हैं। कुशवाह ने बताया अधिकृत कॉलोनी चौड़ीकरण से क्यों प्रभावित हो रही है। इसी का जवाब पूछने हाउसिंग बोर्ड कार्यालय जाएंगे।

### सोयाबीन 2172 और ब्लैक बोर्ड बीज की डिमांड

**उज्जैन।** ईरान-इजरायल युद्ध होने से सोयाबीन के भाव 400 रुपए बढ़ चुके हैं। तेल की टाइट सप्लाई से तेल महंगा हुआ। सोयाबीन में तेजी आ गई। जानकारों के अनुसार इस फसल में नाइट्रोजन फिक्स होने से उर्वरा अथवा उपजाऊपन बना रहता है। युद्ध के चलते सोयाबीन के भाव 5800 तक पहुंच चुके हैं और सोयाबीन तेल 174 रुपए किलो हो चुका है। अगर युद्ध लंबा खींचा तो सोयाबीन 6000 से 6500 भी बिक सकता है और सोयाबीन तेल 200 रुपए किलो के भाव के पार जा सकता है। सोयाबीन प्लांट भी 5800 से अधिक भाव पर खरीदी करने लगे है। इधर किसानों के अनुसार इस बार भी सोयाबीन का बीज भी अधिक बोया जाएगा। 2172 और ब्लैक बोल्ड को अधिक पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा 9560 और 9305 के अलावा 2034 भी चलन में है। ग्रेडिंग खुला बीज के भाव इस समय 6500 से 7000 रुपए क्विंटल के बताए गए है। हालांकि अभी किसान बीज की दुकानों पर पूछताछ कर रहे हैं और अपना स्वयं का बीज भी गांव-गांव में तैयार कर रहे है।

### सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज: अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने की समीक्षा बैठक

# सभी विभागों को टाइमलाइन तय करने के निर्देश





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज हो गई हैं। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने रविवार को प्रशासनिक संकुल में समीक्षा बैठक की और शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पूर्व अनुभवों के आधार पर योजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डॉ. राजौरा ने सिंहस्थ 2016 में पदस्थ रहे अधिकारियों के अनुभवों का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा तैयार किए गए प्रशासनिक नोट्स का अध्ययन कर भीड़ प्रबंधन, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं की बेहतर योजना बनाई जाए, ताकि भविष्य में कोई दिक्कत न आए। अपर मुख्य सचिव ने अस्थाई प्रकृति के कार्यों की योजना को व्यवस्थित बनाने पर विशेष बल दिया, क्योंकि पूरे मेले का संचालन इन्हीं पर निर्भर करेगा। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने बैठक में स्थाई कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और अस्थाई व तात्कालिक कार्यों की संभावित कार्ययोजना भी बताई। डॉ. राजौरा ने सभी विभागों को अपने-अपने कार्यों की स्पष्ट समय-सीमा तय कर अगली बैठक में योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

#### भूखी माता ब्रिज दिसंबर 2026 तक होगा तैयार


- बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने अधिकारियों के साथ शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंगारेश्वर मंदिर के पास शिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का जायजा लिया, जहां कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री भी पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कार्तिक मेला ग्राउंड से नई खेड़ी तक बन रहे 2.6 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया।
- उन्होंने भूखी माता ब्रिज के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिज का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा हो जाएगा, जबकि कनेक्टिविटी रोड जनवरी 2027 तक तैयार हो जाएगी। गेल चौराहे से शांति नगर के बीच सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति पर भी उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निर्माण कार्यों की तेज गति देखकर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की सराहना की।

## सुपर-30 के संस्थापक ने महाकाल के दर्शन किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार को प्रसिद्ध गणितज्ञ और सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार अपने परिजनों के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान महाकाल के दर्शन किए। दर्शन के बाद मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका स्वागत-सत्कार किया।

मीडिया से चर्चा में आनंद कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में आकर उन्हें नई ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं को बेहद प्रभावी बताया और उम्मीद जताई कि भविष्य में ये और बेहतर होंगी, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने जिला व राज्य प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया।



**डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने भी किए दर्शन-** इसी दिन अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया भी महाकाल मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। उन्होंने नंदी के पास बैठकर भगवान भोलेनाथ के समक्ष प्रार्थना की। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ उनकी पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## मौसम बिगड़ने से सब्जियों के भाव कम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक माह से मौसम बिगड़ने से सब्जियों के हाल खराब होने लगे हैं। इस समय सब्जियों की आवक चौतरफा बढ़ गई है। बारिश होने से केरी की आवक प्रभावित हो रही है। ऐसे में इसके भाव महंगे चल रहे हैं। सब्जी व्यापारियों के अनुसार मार्च अप्रैल में भीषण गर्मी का प्रकोप होता है और ऐसे में सब्जी की आवक कम हो जाती है, लेकिन दो माह से मौसम गरम-ठंडा होने से और सब्जियों की आवक बढ़ने के साथ खरीदी कमजोर होने से भाव में पहली बार गिरावट आ रही है। हालांकि सब्जी पैदावार अधिक होने से बाजार में सब्जी की किल्लत अभी तक नहीं महसूस हो रही है। इधर बाजार में आम के आवक शुरू हो चुकी है। आम की आवक भी सब्जी की खरीदी पर प्रभाव पड़ता है। चिमनगंज थोक सब्जी मंडी जो 5 बजे से शुरू हो जाती है। यहां पर भी के उज्जैन के अलावा बड़वानी, पेटलावद और झाबुआ तरफ से अधिक आ रही है। थोक भाव में खेरची खरीदार अपना मुनाफा 30 से 35% जोड़कर सब्जी के भाव तय कर बेचते है।



### उज्जैन जिले के झारड़ा क्षेत्र में शासकीय भूमि विवाद में सरपंच प्रतिनिधि पर हमला

# गोशाला के सामने अतिक्रमण हटाने के बाद हुई मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के झारड़ा क्षेत्र में शासकीय भूमि विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शनिवार को गोशाला के सामने अतिक्रमण हटाने के बाद हुए विवाद में सरपंच प्रतिनिधि नागूलाल मालवीय (50) पर लाठी से हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है।

यह विवाद 2 अप्रैल को प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा झारड़ा स्थित गोशाला की जमीन के सामने से अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद शुरू हुआ था। इस टीम में तहसीलदार, पटवारी और पुलिस अधिकारी शामिल थे।

**पेड़ और फसलें हटाने पर मारपीट कर दी-** शनिवार को सरपंच सविता मालवीय के पति और प्रतिनिधि नागूलाल मालवीय नई आबादी झारड़ा के निवासी हैं। वे उसी जमीन का मुआयना करने मौके पर पहुंचे थे। वहां मौजूद कुछ लोगों ने फलदार पेड़ और फसलें हटाने पर नाराजगी जताते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। नागूलाल मालवीय के अनुसार, भागीरथ सोलंकी, उनके बेटे प्रमोद, बेटी संगीता, पत्नी शांताबाई और अन्य परिजनों ने पहले उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया और फिर उन्हें पकड़कर लाठी-डंडों से हमला किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपियों ने उन पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई, जिससे उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।





#### गंभीर हालत में उज्जैन किया रेफर

घटना के बाद नागूलाल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उज्जैन रेफर कर दिया। उनका इलाज वर्तमान में तिरुपति अस्पताल में जारी है। मामले में प्रमोद पिता भागीरथ, शांति बाई पति भागीरथ, संगीता पिता भागीरथ, भागीरथ सोलंकी पिता मांगीलाल, राहुल पिता गंगाराम और सज्जन बाई पति गंगाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष ने भी अपना पक्ष रखा है। फरियादी प्रमोद ने बताया कि उन्होंने अतिक्रमण बिना किसी विवाद के हटा दिया था, लेकिन फिर भी उनके फलदार पेड़ उखाड़ दिए गए और फसलों को नुकसान पहुंचाया गया, जिसके कारण यह विवाद उत्पन्न हुआ।

उज्जैन
सोमवार
06
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दुयतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**अर्थ:** जुआ, वाद्य, नाट्य (फिल्म), स्त्री (या पुरुष) से लगाव, नींद और नींद ये छह बाधाएं हैं।

## खबर एक नजर...

### भंवरकुआं, अन्नपूर्णा और सदर बाजार को मिले नए टीआई

**इंदौर।** इंदौर पुलिस महकमे में थाना प्रभारी स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। डीसीपी मुख्यालय के आदेश के तहत तीन प्रमुख थानों में नए टीआई की पदस्थापना की गई है, जबकि वर्तमान प्रभारियों को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर भंवरकुआं थाने की जिम्मेदारी अब संतोष दूधी को सौंपी गई है। यह इलाका छात्र बहुल और संवेदनशील माना जाता है, इसलिए उनकी नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। वहीं, हित गोपाल यादव को अन्नपूर्णा थाना प्रभारी बनाया गया है। वे पहले भंवरकुआं थाने के लिए प्रयासरत थे, लेकिन अजय नायर के स्थान पर उन्हें अन्नपूर्णा भेजा गया। इसी तरह, पीएल शर्मा को सदर बाजार थाने की कमान दी गई है। उन्हें पहले हीरानगर से हटाकर क्राइम ब्रांच भेजा गया था और तब से वे नई पदस्थापना की प्रतीक्षा में थे। इधर, भंवरकुआं से राजकुमार यादव, अन्नपूर्णा से अजय नायर और सदर बाजार से यशवंत बड़ोले को क्राइम ब्रांच में स्थानांतरित किया गया है। तीनों को क्राइम ब्रांच भेजना विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है, हालांकि अधिकारियों के बीच उनके कामकाज को लेकर कुछ समय से नाराजगी भी थी। बताया जा रहा है कि तीनों की जनता से संवाद कम था।

### कॉमन वॉशरूम में लगाया हिडन कैमरा, फोटो-वीडियो वायरल होने पर स्वीपर पकड़ाया

**इंदौर।** शहर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बिल्डिंग के कॉमन वॉशरूम में हिडन कैमरा लगाकर लोगों के निजी फोटो और वीडियो रिकॉर्ड किए जा रहे थे। मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी उसी बिल्डिंग में स्वीपर का काम करता था। उसने बाथरूम में छिपाकर हिडन कैमरा लगा दिया था। कुछ समय बाद वहां से रिकॉर्ड किए गए फोटो और वीडियो वायरल होने लगे, जिससे बिल्डिंग में रहने वाले लोग सकते में आ गए। जांच के दौरान लोगों को स्वीपर पर शक हुआ। उन्होंने उससे पूछताछ की और बाद में पुलिस को सूचना दी। तुकोगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम पुत्र सुनील वानखेड़े, निवासी अमर टेकरी, को गिरफ्तार कर लिया। टीआई जितेंद्र यादव के अनुसार आरोपी ने जंजीरवाला चौराहे स्थित एक बिल्डिंग के कॉमन वॉशरूम में कैमरा लगाया था। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने वॉशरूम से हिडन कैमरा भी जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इन वीडियो का इस्तेमाल लोगों को ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने के लिए करना चाहता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसने वीडियो किन-किन लोगों को भेजे या वायरल किए।

### चाकूबाजी के 7 दिन बाद युवक की मौत

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर इलाके में दोस्ती का रिश्ता खूनी वार में बदल गया। मामूली विवाद में चाकू मारने की घटना के एक हफ्ते बाद युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब पुलिस इस मामले को हत्या में बदलने की तैयारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक वीरेन्द्र तोमर (35) पर उसके ही दोस्त रवि ने पिछले रविवार काली पुलिया के पास विवाद के दौरान पेट में चाकू मार दिया था। घायल हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद टांके लगाकर घर भेज दिया गया। लेकिन सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। वीरेन्द्र परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। घर में मां और छोटा भाई विशाल हैं, जिनका पूरा खर्च उसी पर निर्भर था। उसकी मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया है।

# इंदौर में महाभोज के लिए भट्टी पूजन आज

## 15 क्विंटल बेसन-शक्कर, 90 डिब्बे घी से तैयार होगी नुक्ती, 80 हजार से ज्यादा के लिए बनेगी प्रसादी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मंगलवार को रणजीत हनुमान मंदिर में 80 हजार भक्तों के लिए चलिए भंडारा होगा। इसके लिए सोमवार को सुबह भट्टी पूजन होगा। भट्टी पूजन के साथ ही यहां महाभोज बनाने की तैयारी शुरू हो जाएगी। पूजन के बाद सबसे पहले नुक्ती प्रसाद तैयार किया जाएगा। जिसमें दिनभर का समय लगेगा। इसके बाद शाम को पुड़ी और भजिए की तैयारी की जाएगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए रामभाजी बनाने का काम मंगलवार सुबह से शुरू किया जाएगा।

मंदिर की परंपरानुसार हनुमान जन्मोत्सव के बाद आने वाले मंगलवार को मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मंगलवार को मंदिर में चलिए भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर मंदिर में तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। 80 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए यहां प्रसादी तैयार की जाएगी।



**आज होगा भट्टी पूजन, बनेगी नुक्ती-** मंदिर परिसर में सोमवार सुबह मंदिर के पुजारी पं.दीपेश व्यास सहित अन्य लोगों द्वारा भट्टी पूजन किया जाएगा। विधि-विधान से भट्टी पूजन करने के बाद नुक्ती प्रसाद तैयार किया जाएगा। इसके लिए 15 क्विंटल बेसन, 15 क्विंटल शक्कर, 90 डिब्बे घी, 20 किलो इलायची पाउडर, 5 डिब्बे काजू की टुकड़ी सहित अन्य ड्राइफ्रूट का इस्तेमाल कर नुक्ती तैयार की जाएगी। मंदिर के पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया कि नुक्ती प्रसादी तैयार होने के बाद शाम को पुड़ी बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

### मंगलवार को तैयार होगी रामभाजी



उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मंगलवार को ही रामभाजी बनाने का काम शुरू किया जाएगा। शाम को बाबा की आरती और भोग लगाने के बाद मंदिर परिसर में चलिए भंडारे की शुरूआत कर दी जाएगी। भक्त लाइन में आएंगे और पैकेट में प्रसादी लेकर बाहर निकल सकेंगे। ऐसी व्यवस्था यहां की जा रही है कि भक्त पैकेट अपने साथ घर भी ले जा सकेंगे।

# कर्नाटक की लेखिका को बच्चा चोर समझकर पीटा

## 'तीन तलाक' पर किताब लिखने आई थी, डेढ़ महीने बाद भी एफआईआर नहीं हुई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में डेढ़ महीने पहले कर्नाटक की लेखिका को बच्चा चोर समझकर पीट दिया गया। लेखिका का कसूर सिर्फ इतना था कि वह तीन तलाक पर किताब लिखने आई थी। पिटाई के बाद से लेखिका कर्नाटक से लगातार पुलिस को न्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक उसे कुछ खास सफलता नहीं मिली।

खजराना इलाके में 15 फरवरी को कर्नाटक की एक लेखिका परवीन के साथ हुई मारपीट के मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। लेखिका का कहना है कि बच्चा चोर बताकर भीड़ ने उनकी पिटाई की थी और थाने में समझौता कराया गया। कर्नाटक लौटने के बाद से वह लगातार ऑनलाइन शिकायत कर रही हैं, लेकिन पुलिस ने




कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। लेखिका परवीन के अनुसार, 15 फरवरी को सिकंदराबाद कॉलोनी में उनके साथ भीड़ ने मारपीट की। लोगों ने उन्हें बच्चा चोर समझकर घेर लिया और कपड़े खींचते हुए पीटा। घटना के बाद जब उन्होंने थाने में शिकायत की तो आरोपी पक्ष के लोगों ने एफआईआर दर्ज नहीं होने देने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि उनसे माफीनामा लिखवाया गया और मोबाइल से वीडियो डिलीट करवाने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। 16 फरवरी को वह वापस कर्नाटक पहुंचीं और वहां से ऑनलाइन पुलिस से संपर्क किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परवीन ने बताया कि नवंबर 2025 में शाहबानो से जुड़े चर्चित तीन तलाक प्रकरण की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया से मिली थी। इस पर उन्होंने किताब लिखने का निर्णय लिया। सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने शाहबानो के परिवार से संपर्क किया और करीब तीन माह तक बातचीत होती रही। इसके बाद 13 फरवरी को वह विमान से इंदौर आईं। 14 फरवरी को ओल्ड पलासिया में शाहबानो के परिवार के सदस्यों से मुलाकात हुई। आरोप है कि परिवार की जानकारी देने के लिए 25 लाख रुपए की मांग की गई। लेखिका ने मना किया तो व्हाट्सएप पर एक एग्रीमेंट भेजा गया, जिसमें 50 प्रतिशत मुनाफा देने की शर्त थी। इस पर लेखिका सहमत हो गईं। 15 फरवरी को लेखिका परवीन शाहबानो के घर पहुंचीं और करीब दो घंटे बातचीत की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद परिवार के लोगों ने एक एग्रीमेंट साइन करने को कहा।

### इंदौर में ड्रोन से ट्रैफिक मैनेजमेंट

# रविवार शाम पीक टाइम में कई चौराहों पर हुई निगरानी तुरंत क्लियर हुआ जाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने अब ड्रोन का सहारा लेना शुरू कर दिया है। रविवार शाम बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच प्रमुख चौराहों पर ड्रोन से निगरानी रखी गई, जिससे जाम की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सका। इस दौरान डीसीपी खुद पूरे समय मॉनिटरिंग करते दिखाई दिए।

डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी के निर्देशन में अलग-अलग टीमें तैनात की गई थीं। ड्रोन के जरिए जहां भी वाहन फंसे नजर आए, वहां तुरंत पुलिस टीम को अलर्ट कर ट्रैफिक क्लियर कराया गया। रविवार रात व्हाइट चर्च चौराहा, मधुमिलन, गांधी चौक, गीताभवन और नवलखा चौराहे जैसे व्यस्त इलाकों में ड्रोन से निगरानी की गई। पीक टाइम के दौरान कहीं भी बड़े जाम की सूचना नहीं मिली।

### तोते या स्टार कछुए पाले हैं तो वन विभाग को सरेंडर कर दें

# पकड़े गए तो चार साल तक की सजा संभव

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

आपने घर में स्टार कछुए या देशी तोते पाल रखे हैं तो वन विभाग को सरेंडर कर दीजिए। दरअसल, तोते को भी विलुप्त हो रही प्रजाति में शामिल कर लिया गया है। इन्हें पिंजरे में रखकर पालना अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं स्टार कछुआ भी पहले से शेडयूल-1 में रखा गया है। हाल ही में वन विभाग ने घरों में तोते, कछुए पालने की सूचना पर कार्रवाई की थी। इन्हें जब्त किया और अपराध भी दर्ज किया गया।



चार साल तक की सजा भी हो सकती है। दरअसल, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत भारत में पाए जाने वाले सभी मूल पक्षी संरक्षित प्रजातियों की श्रेणी में आते हैं। इसलिए, उन्हें पकड़ना, बेचना, खरीदना या पिंजरे में कैद करके घर में पालना एक कानूनी अपराध है।

वहीं विदेशी तोते पाल सकते हैं, लेकिन यह साबित करना होगा कि उन्हें कानूनी तरीके से खरीदा है और आपको सरकारी पोर्टल पर उनकी जानकारी दर्ज करानी होगी। बिना सही कागजात के विदेशी पक्षी रखना भी आपको कानूनी जांच के घेरे में ला सकता है।

रेंजर संगीता ठाकुर के मुताबिक मुखबिरों से सूचना मिलने के बाद दो स्थानों पर कार्रवाई की गई थी। पिंजरे में तोता और बेडरूम में कछुआ घूमता दिखा। बाजारों में बिकना बंद हुए तोते नगर निगम के सामने विभिन्न पेट्स शॉप, मल्हारगंज, जिंसी हाट, सदर बाजार में पहले छोटे-छोटे पिंजरों में तोते रखकर बेचे जाते थे। वन विभाग ने बेचने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर चालान पेश किया। इन्हें चार-चार साल तक की सजा भी हुई थी।

**इसलिए रखते हैं लोग:** ऐसी भ्रांति है कि स्टार प्रजाति के कछुए को घर में रखने पर समृद्धि आती है, इसलिए लोग चोरी-छिपे इन्हें खरीदकर रख लेते हैं। इसी तरह दो मुंहे सांप को लेकर भी अंधविश्वास है। तांत्रिक क्रिया कर धन पता लगाने के लिए इसकी तस्करी की जाती है। अब सूचना मिलने पर सीधे प्रकरण दर्ज किया गया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### विनोद मिल जिनालय में पक्षियों के लिए बांटे गए जल पात्र

**उज्जैन।** भीषण ग्रीष्मकाल को देखते हुए श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विनोद मिल में पक्षियों के लिए जल पात्रों का वितरण किया गया। जीव दया और अहिंसा के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जैन समाजजनों को सकोरे प्रदान किए गए।

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश जैन कुंभराज ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों को सुलभता से जल उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य से सकोरे बांटे गए हैं। उन्होंने सभी समाजजनों से जीव दया और अहिंसा व्रत का पालन करते हुए अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए नियमित रूप से जल भरकर रखने का आह्वान किया। जल पात्र वितरण के इस अवसर पर समिति पदाधिकारी सुबोध जैन, सुरेंद्र जैन, प्रतीक चौधरी, अमित जैन, आशीष जैन और तरुण जैन सहित समाज के वरिष्ठ नेमीचंद जैन, विजय रावत एवं विजय पाटौदी उपस्थित थे।

### चैत्र मास में नगर पूजा पर रोक लगाने की मांग

**उज्जैन।** शहर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर कुछ साधु-संतों द्वारा की जाने वाली नगर पूजा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। महाकाल सेना ने इसे अशास्त्रीय और वेद-पुराणों की परंपराओं के विपरीत बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की है। संगठन के धर्म प्रकोष्ठ प्रमुख महेंद्र सिंह बेस ने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया है। महाकाल सेना के अनुसार, नगर के मंदिरों की पूजा पद्धति आदि-अनादि काल से चली आ रही है। आश्विन मास की महाअष्टमी पर नगर पूजा का विधान सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था। वर्ष में एक बार चौबीस खंभा माता मंदिर स्थित महामाया और महालया माता की पूजा की जाती है। शासन की ओर से निर्धारित इस शासकीय पूजा का उद्देश्य नगर में सुख-समृद्धि लाना और दैवीय प्रकोप व अनिष्ट से रक्षा करना है। महेंद्र सिंह बेस ने पत्र में आपत्ति जताई है कि कुछ तथाकथित साधु-संतों द्वारा चैत्र मास की अष्टमी पर नगर पूजा के नाम से जो पूजन किया जा रहा है, वह किसी भी प्रकार से शास्त्र सम्मत नहीं है। महाकाल सेना ने सवाल उठाया है कि जब वर्ष में एक ही बार नगर पूजा का प्रावधान है, तो दूसरी नगर पूजा की अनुमति किस आधार और विधि से दी गई।

**घोंसला में संभागीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्नः**

# संतों ने दिया निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता का संदेश, पत्रकारों के अधिकारों व सुरक्षा पर हुआ मंथन







### ईमानदारी और प्रतिबद्धता ही लोकतंत्र की असली ताकत - नंदलाल यादव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले के घोंसला में प्रेस क्लब के तत्वावधान में संभागीय पत्रकार मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय श्रीराम मैरिज गार्डन में हुए इस कार्यक्रम में संभाग भर से आए पत्रकार, जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। यह आयोजन पत्रकारों के सम्मान के साथ ही पत्रकारिता के मूल्यों, चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर चिंतन का मंच बना।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब उज्जैन के अध्यक्ष नंदलाल यादव उपस्थित थे, जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के भ्राता हैं। उनके साथ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन, जिला अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया, जिला महासचिव डॉ. घनश्याम शर्मा और शहर अध्यक्ष सुमेर सिंह सोलंकी सहित कई अतिथि मौजूद रहे।

सनातन धर्म के अध्यक्ष महंत महावीरनाथजी महाराज ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं। सच्चाई को सामने लाकर समाज को सही दिशा देने का कार्य पत्रकारों का है। निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता ही समाज को जागरूक बनाती है। वहीं, महामंडलेश्वर शैलेशानंदगिरीजी महाराज ने कहा कि वर्तमान दौर में मीडिया की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है। सत्य, सकारात्मकता और जनहित पर आधारित पत्रकारिता राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कलम की ताकत समाज को बदलने की क्षमता रखती है। मुख्य अतिथि नंदलाल यादव ने कहा कि आज पत्रकारों को कई चुनौतियों के बीच काम करना पड़ रहा है, लेकिन उनकी ईमानदारी और प्रतिबद्धता ही लोकतंत्र की असली ताकत है। पत्रकारों की एकता उन्हें और मजबूत बनाएगी। उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब पत्रकारों के सम्मान, अधिकार और सुरक्षा का एक सशक्त मंच है।

## वेदों के संदेश और 'वसुधैव कुटुंबकम' से ही बचेगी मानवता

### महायुद्ध की समाप्ति के लिए आर्य समाज उज्जैन में दी गई आहुतियां, विद्वानों ने दिए श्रेष्ठ विचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वर्तमान में जारी वैश्विक युद्ध की विभीषिका को समाप्त करने और विश्व शांति की कामना के साथ आर्य समाज उज्जैन में वैदिक विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य जनों ने महायज्ञ में आहुतियां देकर मानवता के कल्याण की प्रार्थना की। विद्वानों ने एक स्वर में कहा कि संसार में शांति और सद्भाव की स्थापना केवल वेदों के संदेशों को अपनाकर ही की जा सकती है।

महायज्ञ के पश्चात अपने विचार व्यक्त करते हुए वैदिक विद्वान पं. राजेंद्र व्यास ने कहा कि संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। आज पूरा संसार युद्ध की आग में जल रहा है। ऐसे में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सिद्धांत पर चलते हुए विश्व में शांति, सौहार्द और मैत्री भाव के लिए वेदों के संदेश को आत्मसात करने की महती आवश्यकता है। डॉ. आनंद मोहन सक्सेना ने कहा कि आर्य समाज सदैव सबके सुख की कामना करता है। संपूर्ण विश्व में सद्भाव स्थापित करने के लिए आज 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'कृण्वंतो विश्वमार्यम्' का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। वहीं वेद मंत्रों की व्याख्या करते हुए डॉ. प्रदीप चतुर्वेदी ने कहा कि विश्व शांति और मानवता का उद्धार श्रेष्ठ विचारों से ही संभव है। विश्व को वेदों और उपनिषदों के विचारों को अपनाना ही होगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में मदनलाल कुमावत ने ईश प्रार्थना का वाचन किया। इसके पश्चात डॉ. हंसा चतुर्वेदी और तनिष्क वाडिया ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में शांति गीत और शांति सूक्त के मंत्रों के साथ प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

## बनारस के विक्रमोत्सव में गूंजा उज्जैन का डमरू, भस्मरमैया भक्त मंडल ने दी शानदार प्रस्तुति



### तीन दिनों तक लोककला यात्रा और डमरू वादन से कलाकारों ने बांधा समां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा बनारस के बीएलडब्ल्यू ग्राउंड में आयोजित विक्रमोत्सव में उज्जैन के श्री भस्मरमैया भक्त मंडल ने डमरू वादन की भव्य प्रस्तुति दी। तीन से पांच अप्रैल तक चले इस आयोजन में मंडल के 50 कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन तीन अप्रैल को शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस आयोजन के तहत बनारस में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन भी किया गया। मंडल के संस्थापक प्रवीण मादुस्कर के निर्देशन में कलाकारों ने प्रतिदिन कार्यक्रम आरंभ होने से पहले लोककला यात्रा में भी प्रस्तुति दी। लगातार तीन दिनों तक चले इस भव्य मंचन और डमरू वादन को वहां उपस्थित विशाल जनसमूह ने खूब सराहा।

## कबीर साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएगा महासंघ, माधव क्लब में हुई वार्षिक आमसभा

### राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब की अध्यक्षता में मानव कल्याण और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन, कई राज्यों के पदाधिकारी हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की वार्षिक आमसभा रविवार 5 अप्रैल को माधव क्लब में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक महंत श्री चूड़ामणि साहेब ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार और समाज में मानव कल्याण के कार्यों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

आमसभा में तय किया गया कि आगामी समय में सद्गुरु कबीर साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नियमित रूप से जगह-जगह विचार संगोष्ठी एवं संत समागम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित अतिथियों ने मानव कल्याण के क्षेत्र में महासंघ की कार्यप्रणाली को लेकर अपने-अपने विचार रखे।

बैठक में विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत श्री राधाकिशन साहेब देवास, राष्ट्रीय महासचिव महंत डॉ. धर्मवीर भास्कर साहेब पटना, राष्ट्रीय सचिव पद्मश्री कालूराम बामनिया साहेब देवास, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विख्यात लोक गायक डॉ. तारासिंह डोडवे साहेब इंदौर, नारी शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मायादेवी साहेब उज्जैन, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मी भारती, प्रदेश अध्यक्ष सुमन अंजना उज्जैन, गुजरात से मुन्नी बाई और प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र गंगोलिया उज्जैन शामिल हुए। साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारी व हरियाणा प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह हिसार, हरियाणा प्रदेश महासचिव योगेन्द्र योगी हिसार, छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव देवेन्द्र साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओनिल साहू, बिहार प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री परमानंद साहेब पटना, बिहार प्रदेश महासचिव संत जवाहर प्रसाद साहेब, मध्य प्रदेश कोषाध्यक्ष महंत चरण दास साहेब देवास, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरिशंकर बघेल आगरा, गिरधारी लाल मालवीय आगर, कैलाश राज मेवाड़ा, झाबुआ जिलाध्यक्ष राजेंद्र डामोर और जिला महासचिव मुकेश निनामा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अग्नि तपस्या पूर्ण होने पर संत की शोभायात्रा निकाली

**जगोटी।** घटिया जगोटी मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री सिद्ध धूनी भोलेनाथ की ग्यारह दिवसीय अग्नि तपस्या पूर्ण होने पर ब्रहस्पति नाथ की शोभायात्रा जगोटी व बरखेड़ी बाजार में आतिशबाजी व ढोल धमाके के साथ निकाली गई, जिसका जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने स्वागत किया। उज्जैन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति संत महावीर नाथ जी ने चौक बाजार जगोटी में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में समरसता बनी रहे यही हर नागरिक का दायित्व व कर्तव्य है, हमारे आचरण व व्यवहार से किसी भी प्राणी को ठेस नहीं पहुंचे इसका प्रतिदिन अभ्यास होना चाहिए। इस अवसर पर संत जनों का पुष्पहारों व शाल श्रीफल से सम्मान जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, अनंत शर्मा, सरपंच राहुल मुकाती, संदीप आंजना, दिनेश वर्मा, राहुल आंजना, गोपाल कासरोटिया, संजय शर्मा, जगदीश शर्मा, डा बजरंग गुरु ने किया।

## खबर एक नजर...

### अभिनेत्री मनीषा कुमारी ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** मुंबई की उभरती हुई अभिनेत्री मनीषा कुमारी ने अपने विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस खास मौके पर उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट की सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रांगण में विशेष पूजन पुजारी राघव गुरु जी द्वारा संपन्न कराया गया।

ज्ञात हो कि मनीषा कुमारी जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट के साथ दर्शकों के बीच नजर आने वाली हैं, जिसके लिए उन्होंने महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। सफलता के साथ-साथ आध्यात्मिकता को जीवन का अहम हिस्सा मानने के उनके इस कदम की फैंस भी काफी सराहना कर रहे हैं।

अभिनेत्री मनीषा कुमारी अपने जन्मदिन के अवसर पर महाकाल मंदिर पहुंची थी। बेहद आध्यात्मिक रूप से उन्होंने अपने दिन की शुरुआत भगवान महाकाल की भस्म आरती के दिव्य दर्शनों के साथ की। महाकाल की भक्ति में लीन होकर उन्होंने भगवान से अपने करियर व जीवन में सफलता, शांति और सकारात्मक ऊर्जा की कामना की।

### राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग में उज्जैन की माधुरी व्यास ने जीता कांस्य पदक

**उज्जैन।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय और वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन की माधुरी व्यास ने कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 26 से 29 मार्च 2026 तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय विमेंस लीग में पाटीदार नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्रा माधुरी ने किकबॉक्सिंग के म्यूजिकल फॉर्म (सीनियर वर्ग) में यह सफलता हासिल की। माधुरी अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग में म्यूजिकल फॉर्म की राष्ट्रीय स्पर्धा में मध्य प्रदेश के लिए मेडल जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। पाटीदार नर्सिंग इंस्टीट्यूट के खेल विभाग के कोच अभिषेक मरमट ने बताया कि माधुरी ने इंदौर में आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस नेशनल लीग के लिए क्वालीफाई किया था। नेशनल लीग में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 8000 रुपए की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।

### उज्जैन के पराग काबरा प्रांतीय उपाध्यक्ष, पूजा चित्तौड़ा पुनः महिला प्रमुख बनीं

**उज्जैन।** देशभर में 1609 शाखाओं के माध्यम से सेवा कार्यों के लिए प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन भारत विकास परिषद मध्य भारत के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल ने नई प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। शामगढ़ निवासी प्रांतीय महासचिव विनोद काला के अनुसार, उज्जैन महानगर से पराग काबरा को प्रांतीय उपाध्यक्ष और पूजा देवेंद्र चित्तौड़ा को पुनः प्रांतीय महिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। इन पदाधिकारियों को यह दायित्व प्रांतीय संरक्षक सुनील सिंहल नीमच, सुनील लवंगिकर उज्जैन सहित अन्य वरिष्ठ नेतृत्व की अनुशंसा पर सौंपा गया है।

# सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने से बचें महिलाएं, निजता का रखें ध्यान: सीएसपी दीपिका शिंदे

### लायंस इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 'राजबाला' में विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन, साइबर सुरक्षा व अधिकारों पर हुई चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




लायंस इंटरनेशनल 3233 जी-2 के तहत महिला सशक्तिकरण समन्वयक एमजेएफ लायन अनीता गौड़ के संयोजन में रविवार 5 अप्रैल को माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 'राजबाला' का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों और स्वावलंबन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएसपी दीपिका शिंदे ने महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर करने से बचें, क्योंकि पोस्ट के बाद इनका उपयोग कौन और कैसे करेगा, यह हमारे हाथ में नहीं रहता। सुरक्षा के लिहाज से निजी जानकारी सार्वजनिक करने से बचना चाहिए। अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और प्राइवेसी सेटिंग्स को सख्त रखें। सीएसपी शिंदे ने सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, लोकेशन शेयरिंग बंद रखें और साइबर बुलिंग, डीपफेक या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें। इस दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। आयोजन में डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला लायन रेनू वशिष्ठ मुख्य अतिथि थीं। विशेष अतिथि के रूप में पीएमजेएफ लायन डॉ. सत्येंद्र कौर सलूजा और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन अनिता मिश्रा उपस्थित रहीं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा कंवर पवार भी इस आयोजन में शामिल हुईं। कार्यक्रम में बतौर वक्ता कंज्यूमर फोरम की चेयरपर्सन जसवीर कौर, शोभा यादव, किशोर-बाल न्यायालय की सदस्य रजनी उपाध्याय, ब्यूटीशियन सोनिया सहगल और दीपाली खंडेलवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### उज्जैन में 1 मई से शुरू होंगे ग्रीष्मकालीन लाठी प्रशिक्षण शिविर

# आत्मरक्षा के गुर सीखेंगे बच्चे और महिलाएं

### परंपरागत लाठी खेल संघ की बैठक में लिया गया निर्णय, 13 स्थानों पर एक साथ होगा आयोजन, मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने और आत्मरक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उज्जैन शहर में 1 मई से 31 मई 2026 तक ग्रीष्मकालीन लाठी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। परंपरागत लाठी खेल संघ, मध्यप्रदेश की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। इन शिविरों में बालक, बालिकाओं और गृहणियों को बांस की लाठी चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

संघ के संस्थापक अरविंद जोशी ने बताया कि संस्था वर्ष 2021 से विधिवत पंजीकृत है और स्कूली शिक्षा विभाग में भी दर्ज है। शिविर में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना अनिवार्य होगा, जो निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध रहेंगे। इसकी सूचना शिक्षा विभाग एवं खेल व युवा कल्याण विभाग को भी प्रेषित की जाएगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। इनमें गऊ घाट, वसंत विहार, गुरु अखाड़ा, लालपुर गर्ल्स स्कूल, नगरकोट माता मंदिर के पास, केदारेश्वर महादेव मंदिर (सेठी नगर), पटेल नगर, नया पुरा, इंद्रा नगर, नगर गणेश अखाड़ा, महानंदा नगर, पीपली नाका और ऋषि नगर शामिल हैं।

बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि लाठी खेल को 11, 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग की प्रतियोगिताओं में शामिल किया जाए। इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री को निवेदन भेजा जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों में मध्यप्रदेश अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी एवं उपाध्यक्ष आनंद पंड्या शामिल हैं। संभागीय नव निर्वाचित कार्यकारिणी में संभागीय अध्यक्ष अनिल धर्मे, उपाध्यक्ष अक्षता यादव, सचिव रीता नरवरिया, सहसचिव लीलाधर कहार तथा कोषाध्यक्ष रेखा चंदेल शामिल हैं।

### श्री मायापति हनुमान मंदिर में सुमधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**उज्जैन।** सामाजिक न्याय परिसर स्थित चरक भवन के सामने श्री मायापति हनुमान मंदिर में 6 दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतर्गत श्री राम कथा और सुंदरकांड व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसमें श्री गिरीश गोविंद शर्मा के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। इस पावन अवसर पर तुलादान, सामूहिक श्री गंगा माता पूजन और महाआरती भी संपन्न हुई। मंदिर के पुजारी गणेश राय ने बताया कि महोत्सव के दौरान आयोजित भजन संध्या में गायक श्रीनाथ चौधरी ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के समापन पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा आयोजित किया गया।

# श्रीलंका के समूह के साथ चैत्यगिरी विहार एवं स्तूप समूह पर विशेष पूजा

### उज्जैन के चिकित्सक ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

### भारत-श्रीलंका फाउंडेशन: प्रशिक्षणार्थियों ने की सांची की धम्म यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत-श्रीलंका फाउंडेशन के तहत भारतीयों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने सांची की धम्म यात्रा की। इस दौरान श्रीलंका के समूह के साथ चैत्यगिरी विहार एवं स्तूप समूह पर विशेष पूजा और वंदना की गई।

यात्रा के दौरान श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी के प्रभारी भंते विमलतिस्स थेरो ने धम्म चर्चा की और साधना की विधियों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर नंदराम कटारिया की स्मृति में सल्ल एवं तिरोकुड्ड सुत्तों का पाठ किया गया, जिसमें दो दर्जन से अधिक बौद्ध भिक्खु और उपासक-उपासिकाएं सम्मिलित हुए।

धम्म यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों का निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं परामर्श उज्जैन के डॉ. हरिबाबू कटारिया द्वारा किया गया। आयोजन में सांची विश्वविद्यालय के डॉ. रमेश रोहित और डॉ. कमलेश अहिरवार ने स्थानीय स्तर पर सहयोग प्रदान किया। उज्जैन के डॉ. हरिबाबू कटारिया एवं सावित्री कटारिया ने भी व्यवस्थाओं में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

उज्जैन, सांची और विदिशा के ऐतिहासिक महत्व पर बल

कार्यक्रम में भिक्खु संपूर्णानंद, उपाली महाथेरो और मेधंकर ने धम्म पर प्रकाश डालते हुए उज्जैन, सांची और विदिशा के महत्व को समझने पर बल दिया। सभा की अध्यक्षता भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए डॉ. हरिबाबू कटारिया ने पिछले एक दशक में उज्जैन बुद्धिस्ट सोसाइटी और बुद्ध धम्म संघ की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में बताया। उन्होंने साधना और विपश्यना के लाभ भी गिनाए और कहा कि अमेरिका तथा यूरोप में भी इसका तेजी से विस्तार हो रहा है।

# समन्वय और समता ही प्रगतिशील संस्थाओं की पहचान: प्रभा जैन

### महिला परिषद अवंति उज्जैन का पदारोहण समारोह: रूपल शाह अध्यक्ष, आभा शाह सचिव और वंदना सेठी बनीं कोषाध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




प्रगतिशील संस्थाओं की पहचान अलग ही होती है, जो समन्वय एवं समता के साथ सभी को साथ लेकर सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती हैं। यह विचार अखिल भारतीय महिला परिषद की केंद्रीय सचिव प्रभा जैन (इंदौर) ने महिला परिषद अवंति उज्जैन के पदारोहण समारोह में शपथ अधिकारी के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने अवंति शाखा को परिषद की सबसे सक्रिय शाखा बताते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी।

समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए नव नियुक्त अध्यक्ष रूपल शाह, सचिव आभा शाह और कोषाध्यक्ष वंदना सेठी को प्रभा जैन ने शपथ दिलाई। इसके साथ ही 10 विभागों में विभक्त मंत्रिमंडल को सदा सक्रियता बनाए रखने और अध्यक्ष को तन, मन, धन से सहयोग करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगमाध्यक्ष कलावती यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए शहर एवं समाज के विकास के लिए महिला परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ। कविता कासलीवाल एवं आयुषी जैन ने ज्वलंत विषय पर रोचक तरीके से हाउजी का आयोजन कराया। समारोह में वर्तमान समय में लड़कियों को पढ़ाई के लिए देश-विदेश भेजने के गुण-दोषों तथा उन्हें बाहर भेजने से पूर्व संस्कार देने के विषय पर एक शिक्षाप्रद लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। स्वागत भाषण मंजूषा गंगवाल ने दिया। सचिवीय प्रतिवेदन नीतू लुहाड़िया ने प्रस्तुत किया और आय-व्यय की जानकारी वर्षा कासलीवाल ने दी।

## खबर एक नजर...

### शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखें, इसे नवाचार और स्टार्टअप से जोड़ें: डॉ. रानाडे

**उज्जैन।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार, अनुसंधान और व्यावहारिकता का समावेश अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर उसे समस्या समाधान, स्टार्टअप और नवाचार आधारित बनाने पर जोर देना होगा।

यह बात नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन इंडिया के डायरेक्टर डॉ. अरविंद सी. रानाडे ने कही। वे शनिवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की रसायन एवं जैव रसायन अध्ययनशाला में नवोन्मेष पहल के तहत आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। 'विकसित भारत के लिए अकादमिक व्यवस्था का पुनर्परिभाषण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। डॉ. रानाडे ने बौद्धिक संपदा अधिकार को उदाहरण सहित समझाते हुए बताया कि किस तरह ग्रासरूट स्तर के किसानों को उनके नवाचार के लिए पेटेंट और संपत्ति अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने अकादमिक संस्थानों को उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाने, छात्रों में क्रिटिकल थिंकिंग व इनोवेशन स्किल विकसित करने तथा ग्रामीण व स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की बात कही। व्याख्यान में विद्यार्थियों को अनुसंधान के नए आयामों, स्टार्टअप संस्कृति और राष्ट्रीय विकास में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ. उमा शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज अकादमिक व्यवस्था को इस प्रकार पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता है कि वह छात्रों को रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता के लिए भी तैयार करे। कार्यक्रम में संकाय अध्यक्ष डॉ. उमेश सिंह, कंप्यूटर संस्थान के डॉ. धर्मेंद्र मेहता और डॉ. गणपत अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस प्रेरणादायी व्याख्यान में फार्मेसी, कृषि, बायोटेक, जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और पर्यावरण प्रबंधन संस्थान के विद्यार्थी, शोधार्थी व प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा दर्शिता सिसोदिया ने किया।

### 'भविष्य से भेंट' में विद्यार्थियों को दिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स

उज्जैन। शासकीय उत्कृष्ट उमावि माधवनगर में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव और संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया।

संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ने विद्यार्थियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। नगर निगम सभापति कलावती यादव ने विद्यार्थियों को मेहनत और दृढ़ निश्चय के दम पर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# भक्ति, शक्ति और संस्कृति का संगम- नागर ब्राह्मण परिषद का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



नागर ब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम के तत्वावधान में आयोजित मिलन समारोह श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज के वरिष्ठ जनों, मातृशक्ति और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सामाजिक एकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र जी रावल एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी राजेंद्र रावल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक सत्र का प्रारंभ नन्ही वैभवी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ, जिसके पश्चात श्रीमती सुभद्रा मेहता ने अपनी सुमधुर आवाज में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बनाया।

आयुषी दवे, देविका जोशी, श्रद्धा त्रिवेदी और साक्षी मेहता ने भगवान शिव की महिमा में अत्यंत मनोहारी शिव स्तुति नृत्य प्रस्तुत किया। मालवा की माटी की खुशबू बिखेरते हुए अमिता मेहता, अलका मेहता, रानू मेहता, नीतू मेहता, भावना दवे और अर्चना मेहता ने पारंपरिक मालवी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। श्रीमती सोना एवं श्री हरीश जी मेहता ने अपने सुरीले युगल गीतों से श्रोताओं को आनंदित किया।

समाज की मातृशक्ति और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मान सत्र आयोजित किया गया। वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती कमला देवी रावल ने आदरणीय विद्या देवी जोशी, हेमा देवी रावल एवं हेमा जी व्यास को शाल एवं पुष्पहार भेंट कर स्वयं सिद्धा के रूप में सम्मानित किया।

रतलाम का नाम रोशन करने वाली सुश्री श्वेता नागर को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए महिला कार्यकारिणी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, समाज की सभी वरिष्ठ माताओं का भी अभिनंदन किया गया।

सामाजिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिषद अध्यक्ष श्री संजय दवे एवं पंडित जितेंद्र जी रावल ने समाज का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया और आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन श्रीमती पूनम व्यास ने किया, जबकि आयोजन की सफलता के लिए श्री संदीप जी जोशी ने सभी सहयोगियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

परिषद के पदाधिकारियों ने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए समस्त नागर समाज को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सक्रियता बनाए रखने का आह्वान किया।

## आकस्मिक निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक सख्त, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार ने शनिवार को थाना नामली एवं थाना ताल क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम थाना नामली अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र बड़ौदा एवं पुलिस सहायता केंद्र पंचेड़ का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी नामली निरीक्षक गायत्री सोनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सहायता केंद्रों पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के त्वरित निराकरण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा आमजन से बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इसके पश्चात थाना ताल अंतर्गत पुलिस चौकी खारवाकला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आलोट श्रीमती पल्लवी गौड़, थाना प्रभारी ताल निरीक्षक स्वराज डाबी, चौकी प्रभारी वी.डी. जोशी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी में लंबित अपराधों, मर्ग जांच एवं चालानों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही रिकॉर्ड रजिस्टर, बैरक एवं समग्र रखरखाव का अवलोकन कर संतोष व्यक्त करते हुए स्टाफ की सराहना की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि चौकी पर प्राप्त आवेदनों एवं अपराधों का नियमित संधारण किया जाए तथा उनका मासिक गोषवारा तैयार किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित रखरखाव एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनविश्वास को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

## समाजबंधु घीसालाल उनियारा हर जोड़े को देंगे गोदरेज अलमारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

फूलमाली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु समाजबंधुओं द्वारा नगद राशि के साथ ही घरेलू सामग्री की घोषणा भी की गई है। पिपलिया मण्डी में महाकाल स्टील फर्नीचर के संचालक रमेश उनियारा व घीसालाल उनियारा द्वारा अपनी ओर से सभी 34 जोड़ों को आकर्षक व मजबूत गोदरेज की अलमारी प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ग्राम बरुखेड़ा में सम्पन्न समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी महाकाल स्टील फर्नीचर द्वारा हर जोड़े को एक-एक गोदरेज अलमारी भेंट की गई थी। समाज के एक अन्य दानदाता और सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले नीमच जिले के गांव बरुखेड़ा के सरपंच मांगीलाल जी डोड ने इसी माह होने जा रहे विवाह सम्मेलन के दौरान आयोजित सहभोज में खपत होने वाला सारा आटा ( अन्नदान ) अपनी तरफ से देने की घोषणा की है। जबकि पिपलियामण्डी निवासी चौखरा पंचायत अध्यक्ष मुकेश जी जाधव ने फूलमाली समाज के विवाह सम्मेलन हेतु 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की। वहीं ग्राम अरनियामाली में रहने वाले गोविंदजी रावलिया ने भी इस आयोजन के लिए अपनी ओर से 51 हजार रुपए देने का एलान किया है। सनद रहे कि फूलमाली समाज का 18 वां सामूहिक विवाह आयोजन इस बार अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को नीमच जिले की मनासा तहसील के गांव अरनियामाली में आयोजित होगा।



## दीक्षा के 11 वर्षों बाद आर्यिकाद्वय का मंदसौर में मंगल प्रवेश

### समाजजनों ने की भावभीनी अगवानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



दिगंबर जैन समाज की अनमोल निधि, आर्यिका 105 श्री समर्थ श्री माताजी एवं 105 श्री सार्थक श्री माताजी का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश रविवार को मंदसौर नगर में हुआ। गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज से वर्ष 2015 में दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात, लगभग ग्यारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि पर माताजी का यह प्रथम आगमन था। दलौदा से विहार कर नगर की सीमा में प्रवेश करते ही बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर समाजजनों ने माताजी की भावभीनी अगवानी की। मार्ग में जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर श्रद्धालुओं ने माताजी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

शोभायात्रा के रूप में माताजी नाकोडा नगर स्थित आचार्य १०८ सन्मति कुंज संत निवास पहुँचीं, जहाँ विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आर्यिका समर्थ श्री माताजी ने जीवन की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान की आपाधापी और भागदौड़ भरे युग में मनुष्य अनगिनत भौतिक सपनों के पीछे भाग रहा है, लेकिन सही दिशा के अभाव में वह अक्सर भटक जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सांसें लेना ही जीवन नहीं है, बल्कि उसे सार्थकता के साथ जीना ही वास्तविक जीवन है और यह प्रभु की शरण व गुरु के चरणों के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस मनुष्य को प्रभु की शरण और गुरुओं के चरण मिल जाते हैं, वही अपने सपनों को यथार्थ में बदल पाता है। धर्मसभा का शुभारंभ भगवान के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें पं. विजय कुमार गांधी, डॉ. एस.एम. जैन, शांतिलाल बड़जात्या, राजमल गर्ग, अरविंद मेहता, विजयेंद्र सेठी एवं निलेश जैन दलौदा ने सहभागिता की। इस अवसर पर सुगन देवी, संतोष सेठी, मधु मांदावत द्वारा माताजी को शास्त्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, विमल सिंहल, आदिश गर्ग, जय कुमार बड़जात्या, मनीष सेठी, मानमल जैन, दीपक भूता, सुरेश जैन तेलवाला, कोमल प्रकाश पंछी आदि ने आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि आर्यिका द्वय सांसारिक जीवन में मंदसौर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. अजित कुमार जैन के परिवार की सदस्य रही हैं। कार्यक्रम क संचालन डॉ. अशोक अग्रवाल ने किया तथा आभार नंदकिशोर अग्रवाल ने माना।

## मेवाड़ा सेन समाज 14 को मनायेगा सेनजी महाराज का जन्मोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मेवाड़ा सेन समाज पंचायत द्वारा संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज का 726वां जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। खानपुरा स्थित श्री बालाजी मंदिर पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जिसके पश्चात महाआरती और समाजजनों के लिए स्नेह भोज का आयोजन होगा। समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को विशेष भव्यता प्रदान करने के लिए डॉ. घीसालाल गंगवाल को जन्मोत्सव आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बैठक में वरिष्ठ सदस्यों ने एकजुट होकर तन-मन-धन से सहभागिता करने का संकल्प लिया। इस दौरान अशोक चौहान, मगनीराम गंगवाल, सत्यनारायण सकवाया सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सतीश परिहार ने किया।

# खरगोन पुलिस की ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्यवाही : नशीले पाउडर तस्करों को सनावद पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› सनावद



सनावद में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी के मामले में शामिल कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में सफलता हासिल की गई है ।दिनांक 2 मार्च 2026 को थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में थाना सनावद की पुलिस टीम के द्वारा इन्दौर खण्डवा रोड सनावद पर अनाज मंडी सनावद क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान बडवाह तरफ से एक लाल काले रंग की पल्सर मोटर सायकल पर सवार तीन व्यक्ति तेज गति से आते दिखाई दिए ।

पुलिस द्वारा चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास करने पर दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे, जिससे संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया रोके गए तीनों व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम नौशाद उर्फ राजा निवासी इस्लामपुरा चौराहा मस्जिद के पास सनावद, शहजाद निवासी बाहेती कालोनी सनावद एवं अफजल उर्फ अज्जू निवासी खरगोन रोड सनावद का होना बताया ।

पुलिस टीम के द्वारा मौजूद साक्षियों के समक्ष तीनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई जिसमें नौशाद उर्फ राजा एवं अफजल उर्फ अज्जू के पेंट की जेब से प्लास्टिक की थैली मिली जिसमें पाउडर भरा होना पाया गया जिसके संबंध में दोनों संदेहीयो से पूछने पर उन्होंने पाउडर को ब्राउन शुगर होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा नौशाद उर्फ राजा के पास मिली थैली का वजन करने पर 9 ग्राम 5 मिलीग्राम एवं अफजल उर्फ अज्जू के पास मिली थैली का वजन करने पर 4 ग्राम 36 मिलीग्राम ब्राउन शुगर होना पाई गई । जिसे पुलिस टीम के द्वारा नियमानुसार विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सनावद पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्राथमिकी पूछताछ में दोनों ने उक्त मादक पदार्थ ब्राउन शुगर इंदौर के किसी व्यक्ति से लाना बताया है

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 98वें दिन निकाली एक ट्रॉली गंदगी

**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण जन अभियान के 98वें दिन रविवार को विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने नदी के तट पर सफाई कार्य किया। सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस अभियान में नदी के किनारों से गाजर घास, प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट निकालकर लगभग एक ट्रॉली गंदगी को हटाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने नगरवासियों से अपील की कि वे पवित्र शिवना नदी में कचरा या प्लास्टिक न फेंकें, क्योंकि यह न केवल जलचरों के लिए हानिकारक है बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने शहरवासियों से हर रविवार को दो घंटे का समय निकालकर इस पुण्य कार्य में जुड़ने का आह्वान किया। श्रमदान के दौरान हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, बालकृष्ण पोरवाल सहित कांग्रेस पदाधिकारी और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व महिला नेत्री उपस्थित रहीं।

## जेलों को सुधारगृह बनाना आवश्यक- वरिष्ठ अभिभाषक रातड़िया

**मंदसौर।** स्थानीय स्तर पर कनिष्ठ अभिभाषकों एवं विधि विद्यार्थियों के लिए आयोजित विधिक ज्ञान परिचर्चा में विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अभिभाषक प्रकाश रातड़िया ने कहा कि केवल कठोर दंड प्रावधानों से अपराधों पर पूर्ण विराम लगाना संभव नहीं है, क्योंकि कठोरतम कानूनों के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और तस्करी जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने दंड के सुधारात्मक और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि जेलों में बढ़ती भीड़ और आदतन अपराधियों के साथ सामान्य बंदियों का संपर्क घातक है, इसलिए जेलों को वास्तविक सुधारगृह बनाना समय की मांग है। परिचर्चा में योग्य अनुसंधानकताओं की भूमिका और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा पर भी संवाद हुआ। कार्यक्रम का संयोजन विनोद शर्मा ने किया तथा सुनील शर्मा, मोहम्मद गलनफर खान, गोपालचंद दगधी सहित कई विधि विद्यार्थियों ने चर्चा में सहभागिता की।

# उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के पुनरोत्थान को लेकर केंद्र स्तर पर गतिविधियां तेज

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



एशिया के प्रमुख न्यूजप्रिंट उत्पादक संस्थान, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के पुनरोत्थान को लेकर केंद्र स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय पहल के चलते लंबे समय से लंबित मुद्दों पर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के नेतृत्व में नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र केशरी, सचिव संजय पवार और संयुक्त सचिव देवेंद्र महोबे ने प्रतिनिधिमंडल के रूप में केंद्रीय स्तर पर कर्मचारियों के हितों और संस्थान के भविष्य को लेकर प्रभावी पैरवी की। इस दौरान केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री से भेंट कर कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान हेतु ? 33.54 करोड़ की स्वीकृत राशि जारी करने का आग्रह किया गया और इस संबंध में पत्र भी सौंपा गया। नेपा लिमिटेड के मुद्दे को लेकर पुणे में भी सक्रिय पहल सामने आई। बुरहानपुर मूल की सामाजिक कार्यकर्ता प्रगति ताई चापोरकर शिरपुरकर ने पति विवेक शिरपुरकर, जो पुणे के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट हैं, के साथ रेजिडेंसी क्लब में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में दो दिन पूर्व नेपा लिमिटेड के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उठाए गए मुद्दों, लंबित वेतन भुगतान की मांग और मंत्री स्तर पर हुए पत्राचार का उल्लेख करते हुए मामले के शीघ्र और सकारात्मक निराकरण का आग्रह किया हैं।

## भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर नवीन कार्यालय भवन का भूमि पुजन 6 अप्रैल को

**नीमच।** 6 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के नवीन कार्यालय भवन का भूमि पुजन समारोह प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेशअध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के कर कमलों से वचुअर्ल माध्यम से संपन्न होगा । इस भव्य ऐतिहासिक अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भुरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन सीए, मंदसौर संभाग प्रभारी श्री सुरेश आर्य, सांसद श्री सुधीर गुप्ता , प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना नारायण खंडेलवाल, जिला प्रभारी पुर्व सांसद श्री सुभाष पटेल, विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध माधव मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, मंचासिन रहेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी श्री मनोज माहेश्वरी व सह प्रभारी श्री शुभम शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया की जिला भाजपा का यह नवीन कार्यालय भवन मालवा के गांधी डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डे मार्ग पर बनने जा रहा है ।

## अज्ञात कारणों से खाया जहरीला पदार्थ

**नीमच।** जिले के थाना बघाना क्षेत्र में सोनियाना गाँव में एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है, सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 4 अप्रैल को दोपहर 12.35 बजे प्राप्त हुई ।

## 9 अप्रैल को मंदसौर मंडी में कांग्रेस का प्रदर्शन

**मन्दसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों और गेहूं खरीदी में हो रही देरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गेहूं खरीदी की तारीखें बार-बार आगे बढ़ाने से अन्नदाता परेशान है। खरीदी पहले 23 मार्च से शुरू होनी थी, जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है, जिससे किसान अपनी उपज कम दामों पर मंडी में बेचने को मजबूर हैं। इसके अलावा सरकारी कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान ऋण जमा न कर पाने के कारण डिफॉल्टर होने की कगार पर हैं। इन समस्याओं के विरोध में जिला कांग्रेस द्वारा 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कृषि उपज मंडी प्रवेश द्वार पर विशाल धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# कबीर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित फायरलेस कुकिंग कॉन्टेस्ट कार्यक्रम संपन्न




ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था कबीर इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार दिनांक 3 अप्रैल 2026 को फायरलैस कुकिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया। कॉन्टेस्ट के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को बिना गैस जलाएं स्वादिष्ट व्यंजन बनाना था। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी एवं निर्णायक के रूप में श्रीमती कृष्णा जी गोयल, श्रीमती श्वेता जी गोयल, श्रीमती मान्य जी हरजानी, श्रीमती प्रवीणा जी गुप्ता ,श्रीमती प्रतीक्षा पटेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित अतिथियों, विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर रश्मि जी पमनानी ,मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जी परमार, प्राचार्य श्रीमती विजया रवि, उप्राचार्य श्रीमती प्रीति कपूर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। फिर प्रतियोगिता आरंभ की गई। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । प्रतियोगिता का निर्णय खाने के स्वाद के साथ-साथ उसकी प्रस्तुति, रचनात्मकता, क्रियात्मकता, पोषक मूल्य ,साफ सफाई एवं समय सीमा को ध्यान में रखते हुए किया जाना था । सभी प्रतिभागियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिया और एक से एक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती पूजा चौहान एवं द्वितीय स्थान श्रीमती सोनू फरकीया ने प्राप्त किया।

## सदभावना मंच ने माखन दादा को किये श्रद्धा सुमन अर्पित

**खंडवा।** सद्भावना सदस्यों व्दारा शनिवार को माली कुआं स्थित कार्यालय पर भारतीय आत्मा, राष्ट्रीय लेखक, कवि, पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पद्म भूषण से विभूषित कर्मवीर के संस्थापक पंडित स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मदिवस पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में पुष्पांजलि अर्पित की गयी। यह जानकारी देते हुए मंच प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि आज हम संकल्प लें की माखन दादा के बताए रास्ते पर चलकर हमें शताब्दी की ओर बढ़ती लोकतांत्रिक आजादी की बुनियाद को मजबूती प्रदान करना है। खंडवा नगर के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह माखन दादा जैसी शख्सियत की कर्मवीर भूमि रही है। आयोजन के दौरान मंच संस्थापक प्रमोद जैन, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर आदि सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की।

## श्री पूज्य सिंधी पंचायत की एक विशिष्ट महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक सिंधु भवन सभागृह में रखी गई

श्री पूज्य सिंधी पंचायत की एक विशिष्ट महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक नवनिर्मित सिंधु भवन सभागृह में रखी गई,जिसमें सिंधु भवन के निर्माण कार्य को विस्तार एवं गति देने हेतु आगामी एक वर्ष तक के लिए मेठाराम पिंजानी का नाम अध्यक्ष पद हेतु अनिल आरतानी ने रखा, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी ने मोहन दीवान को कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया इसमें उपाध्यक्ष अशोक नावानी,मुकेश चंचलानी, राजेश परचानी,सचिव श्याम हेमवानी,सह सचिव किशोर लालवानी और महेश चंदवानी, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल संतवानी, ऑडिटर किशनचंद कोटवानी,संरक्षक सुंदरदास फतवानी,गोपालदास पमनानी और डॉक्टर जी एल हिंदूजा, विशेष सलाहकार नरेंद्र कुमार लधानी,अनिल कुमार आरतानी और घनश्यामदास संतवानी बनाए गए, प्रवक्ता कमल नागपाल को बनाया

## कहार महासंघ के उज्जैन संभाग अध्यक्ष बने बंटी डोडिया

**मंदसौर।** कहार महासंघ राष्ट्रीय सामाजिक संगठन मध्यप्रदेश द्वारा संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने बंटी डोडिया की कार्यकुशलता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें उज्जैन संभाग अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। डोडिया की नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष की लहर है और विश्वास व्यक्त किया गया है कि उनके नेतृत्व में सामाजिक उत्थान के कार्यों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामखेलावन सोंधिया, रामगोपाल रैकवार, अजय रैकवार, मनोहर चौहान, शंकर लाल परमार सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## पैरा शूटर रानी टांक ने इंडिया ओपन शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक

**मंदसौर।** भोपाल में आयोजित च्इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में मंदसौर की प्रतिभाशाली पैरा शूटर रानी टांक ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। रानी ने 10 मीटर पिस्टल एनआर एसएच 1 कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। उल्लेखनीय है कि रानी ने अपनी खेल यात्रा की शुरूआत मंदसौर के नियुद्ध गुरुकुल से नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी के मार्गदर्शन में की थी, जहाँ उन्होंने अपनी बुनियादी तकनीक को मजबूत किया। वर्तमान में वे एआईएमईआरएस शूटिंग एकेडमी में कोच व डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह सिसोदिया की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही हैं। रानी की यह जीत इसलिए भी विशेष है क्योंकि वे जिला आयुष कार्यालय मंदसौर में कार्यरत रहते हुए अपनी ड्यूटी के साथ खेल के प्रति जुनून को सफलतापूर्वक निभा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिन्दु ध्रुव सहित खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी ने बताया कि भविष्य में मंदसौर में ही प्रोफेशनल शूटिंग रेंज शुरू करने की योजना है.

## हरियाणवी-मलयालम जैसी भाषाओं के रैप भी वायरल

# धुरंधर में मेघालय की सिंगर रेबल के तीन गाने हिट, अब नॉर्थईस्ट-केरल के सिंगर भी वायरल


धुरंधर की सफलता के पीछे उसका साउंडट्रैक भी है। मेघालय की 22 वर्षीय सिंगर रेबल (डायाफी लामारे) धुरंधर में अपने गानों से वायरल हुई हैं। रेबल ने नाल नचना, रन डाउन द सिटी और आरी आरी जैसे हिट ट्रैक्स फिल्म को दिए।

ये एक नया ट्रेंड है, तमिल हो या मराठी, अब हर राज्य के अपने रैप वायरल हो रहे हैं। श्रेयस सागवेकर आज मराठी रैप का बड़ा चेहरा हैं। उनके मराठी ट्रैक तांबडी चामडीको 5 करोड़ से अधिक यूट्यूब व्यूज मिले। इसी तरह मलयालम रैप भी केरल में पॉपुलर है। रैपर डैब्जी (मोहम्मद फासिल) का इलूमिनाटी इसका उदाहरण है। यूट्यूब पर इसके 41 करोड़ व्यूज हैं। कश्मीर में कोशूर रैप है, जिसमें वहां की जिंदगी को रैप के जरिए सुनाते हैं।

**रेबल: 24 वर्षीय रैपर; धुरंधर में इनके गाने वायरल–** 24 वर्षीय रेबल मेघालय में जन्मी हैं। उन्हें 10 की उम्र से म्यूजिक का शौक है। बेंगलुरु से इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने पारंपरिक करियर की बजाय म्यूजिक को ही चुना। हाल ही में रेबल ने मलयालम फिल्म लोकह चैप्टर 1 चंद्रा में भी काम किया है। धुरंधर में 3 गाने गाए हैं। ढांडा न्योलीवाला 1998 में हरियाणा के हिसार जिले के न्योली कलां गांव में जन्मे। एक सरकारी स्कूल टीचर के बेटे हैं। म्यूजिक से पहले वह राष्ट्रीय स्तर के जैवलिन थ्रोअर रह चुके हैं। सितंबर 2022 में अप टु यू से उन्हें सक्सेस मिली। अब हरियाणवी रैप को पॉपुलर बना रहे।







### पाल डब्बा - पहले डांसर थे, अब तमिल के बड़े रैपर

इनका असली नाम अनीश है। उनका स्टेज नाम पाल डब्बा है, तमिल में जिसका मतलब दूध पाउडर का डिब्बा होता है। उन्होंने अपनी जड़ों और नॉर्थ चेन्नई की संस्कृति को सम्मान देने के लिए चुना। रैपर बनने से पहले वे एक डांसर थे। स्पॉटिफाई पर 54 लाख मंथली लिसनर्स हैं।
2024 में बिग डॉग्स जैसे वायरल हिट से ग्लोबल पहचान हासिल की, जो बिलबोर्ड हॉट 100 में 23वें स्थान तक पहुंचा। म्यूजिक इंडस्ट्री में आने से पहले वह 2014 में गोल्डमैन सैक में काम कर चुके हैं। कोरियन वेब सीरीज स्क्विड गेम में भी इनका ट्रैक लिया गया था।
असर – रीजनल रैप में 118% तक की उछाल– केन रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारत में कुल म्यूजिक कंजम्पशन का 34% हिस्सा रीजनल म्यूजिक का रहा। वहीं स्पॉटिफाई के डेटा के अनुसार हरियाणवी और मलयालम जैसी भाषाओं में रीजनल हिप-हॉप में 500 से 600% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।





# रणवीर सिंह कर सकते हैं चंद्रगुप्त मौर्य पर फिल्म

### धुरंधर डायरेक्टर के साथ फिर बन सकती है जोड़ी, प्रोजेक्ट पर चर्चा जारी

धुरंधर फ्रैंचाइजी की सफलता के बाद अब सभी की नजर इस बात पर है कि डायरेक्टर आदित्य धर का अगला प्रोजेक्ट कौन सा होगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि आदित्य धर रणवीर सिंह के साथ भी एक प्रोजेक्ट पर विचार कर रहे हैं।

वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया, आदित्य धर इस समय तीन स्क्रिप्ट पर विचार कर रहे हैं। इनमें द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा, एक ऐतिहासिक फिल्म और एक बड़े लेवल की स्पोर्ट्स फिल्म शामिल है। उनकी अगली फिल्म इनमें से कोई एक हो सकती है, जब तक कि कोई नया प्रोजेक्ट प्राथमिकता में न आ जाए। एक सूत्र का कहना है कि द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा आदित्य का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। इस फिल्म पर उन्होंने पहले काफी काम किया था, लेकिन ज्यादा बजट के कारण इसे रोक दिया गया था। अब उनकी सक्सेस और इंडस्ट्री में बढ़ते भरोसे के चलते इस प्रोजेक्ट को फिर से शुरू करने की संभावना बनी हुई है। एक अन्य सूत्र के मुताबिक, आदित्य धर चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म बनाने में भी दिलचस्पी रखते हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर उनकी रणवीर सिंह के साथ पिछले साल से बातचीत चल रही है। धुरंधर की सफलता के बाद दोनों फिर से इस पर चर्चा कर सकते हैं।

# मोना ने गौरव को धुरंधर का स्पॉइलर देने से रोका

## शूटिंग के सेट पर समझाया कि फिल्म रिलीज से पहले जानकारी साझा करना गलत है

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर वेब शो मां का सम रिलीज हो चुका है। यह कहानी मां-बेटे के रिश्ते को एक नए और मॉडर्न नजरिए से पेश करती है। इस शो में इमोशन, ूमर और आज की जनरेशन की सोच का दिलचस्प मेल देखने को मिलता है, जहां एक बेटा अपनी सिंगल मदर के लिए सही लाइफ पार्टनर ढूंढने की कोशिश करता है।

बातचीत में शो की स्टारकास्ट मोना सिंह और मिहिर आहूजा ने अपने किरदारों, शूटिंग के अनुभव, फिल्मी सफर और इस कहानी के जरिए समाज को दिए जा रहे महत्वपूर्ण संदेश पर विस्तार से बातचीत की। इस दौरान मोना सिंह ने फिल्म धुरंधर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया, जिसमें उन्होंने सेट पर ही एक्टर गौरव गेरा को स्पॉइलर देने से रोक दिया था।

मां का सम की स्क्रिप्ट में ऐसा क्या खास था कि आपने तुरंत हां कह दी? मोना सिंह- मुझे इस शो की सबसे खास बात इसकी सोच लगी। आमतौर पर हम मां के किरदार को एक तय ढांचे में देखते हैं जहां वह सिर्फ अपने बच्चों के लिए जीती है। लेकिन इस कहानी में मां को एक इंसान की तरह दिखाया गया है, जिसकी अपनी इच्छाएं हैं, अपने सपने हैं और जो अपनी जिंदगी में दूसरा मौका डिजर्व करती है। यह बहुत रिफ्रेशिंग और प्रोग्रेसिव अप्रोच है। खासतौर पर सिंगल मदर्स के लिए यह बहुत जरूरी है कि उन्हें भी अपनी जिंदगी जीने का पूरा हक मिले। मुझे लगा कि यह शो लोगों की सोच बदल सकता है और इसी वजह से मैंने इसे तुरंत हां कह दी।

शो में अपने किरदार अगस्त्य के बारे में विस्तार से बताइए? मिहिर आहूजा- अगस्त्य एक बहुत ही होशियार और सेंसिटिव लड़का है, जो अपनी मां से बहुत प्यार करता है। वह चाहता है कि उसकी मां की जिंदगी में कोई कमी न रहे, खासकर उनकी पर्सनल लाइफ में। वह एक मैथ्स जीनियस है और हर चीज को लॉजिक और एल्गोरिदम के जरिए समझने की कोशिश करता है।

इसी सोच के साथ वह अपनी मां के लिए डेट्स अरेंज करता है, ताकि वह एक परफेक्ट पार्टनर चुन सके। यह किरदार बहुत इंटरेस्टिंग है क्योंकि इसमें इमोशन और लॉजिक का अनोखा मेल देखने को मिलता है।

शो में आपका किरदार डेटिंग ऐप के जरिए डेट्स पर जाता है। इस कॉन्सेप्ट को आप कैसे देखती हैं? मोना सिंह- शो में जो डेट्स दिखाई गई हैं, वे दरअसल उसके बेटे द्वारा अरेंज की गई हैं। उसका बेटा यह समझना चाहता है कि कौन सा इंसान उसकी मां के लिए सही रहेगा। यह पूरी प्रक्रिया बहुत दिलचस्प है क्योंकि इसमें एक तरह का एक्सपेरिमेंट भी है जैसे हम जिंदगी में अलग-अलग चीजें ट्राय करके सही विकल्प चुनते हैं। यहां भी वही हो रहा है, बस फर्क इतना है कि यह एक मां की लव लाइफ को लेकर है, जो हमारे समाज में अभी भी थोड़ा टैबू माना जाता है। मुझे लगता है कि यह पहल बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे लोग समझेंगे कि मां भी अपनी खुशी के बारे में सोच सकती है।




- धुरंधर से जुड़ा एक स्पॉइलर वाला किस्सा भी चर्चा में रहा। उस बारे में बताइए? मोना सिंह- हम अमृतसर में शूट कर रहे थे, तभी गौरव गेरा मुझे धुरंधर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें और कहानी बताने लगे। मैंने तुरंत उन्हें रोक दिया और कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। एक कहानी और किरदार को बनाने में बहुत मेहनत लगती है और हर कलाकार एक ठऊअ से बंधा होता है। मैंने उन्हें समझाया कि रिलीज से पहले इस तरह की जानकारी साझा करना गलत है। यह प्रोफेशनल एथिक्स का भी हिस्सा है कि हम उस भरोसे को बनाए रखें।
- शूटिंग के दौरान सबसे बड़ा चैलेंज क्या रहा? मिहिर आहूजा- सबसे बड़ा चैलेंज मैथ्स से जुड़े सीन थे। मुझे उन्हें इस तरह से करना था कि दर्शकों को लगे कि मैं सच में एक मैथ्स एक्सपर्ट हूं। इसके लिए मुझे कई फॉर्मूलाज और एल्गोरिदम समझने पड़े और उनकी प्रैक्टिस करनी पड़ी। सेट पर हमें बाकायदा गाइड किया जाता था, ताकि हम अपने किरदार के साथ न्याय कर सकें। यह थोड़ा मुश्किल जरूर था, लेकिन सीखने का अच्छा अनुभव भी रहा।
- सेट पर जेन-जी रिलेशनशिप टर्म्स को लेकर कोई मजेदार अनुभव रहा? मोना सिंह- हां, यह काफी मजेदार था क्योंकि हम दोनों ही इन टर्म्स से ज्यादा वाकिफ नहीं थे। सिचुएशनशिप, घोस्टिंग, ब्रेडक्रंबिंग जैसे शब्द हमारे लिए नए थे। सेट पर हमें इनके मतलब समझाए गए, जैसे किसी क्लास में पढ़ाया जाता है। यह अनुभव काफी दिलचस्प था और इससे यह भी समझ आया कि आज की जनरेशन किस तरह रिलेशनशिप को देखती है।



### आरसीबी का तीसरा सबसे बड़ा टोटल, डेविड का 106 मीटर सिक्स, गेंद मैदान के बाहर

# कोहली बने सीएसके के खिलाफ टॉप स्कोरर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रन से हरा दिया। रविवार को खेले गए इस मुकाबले के दौरान विराट कोहली सीएसके के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। आरसीबी ने 250/3 का स्कोर बनाकर अपना तीसरा सबसे बड़ा टोटल खड़ा किया। टिम डेविड ने 106 मीटर लंबा सिक्स लगाया। गेंद स्टेडियम के बाहर जा पहुंची।

**सबसे बड़े टोटल से 13 रन पीछे रही आरसीबी-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस मैच में 250/3 का स्कोर बनाकर अपने आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टोटल बना दिया। नंबर-1 पर टीम का 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया गया 263/5 का स्कोर है।

**कोहली सीएसे के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज-** विराट कोहली ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उनके अब 1174 रन हो गए हैं। वे किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। दूसरे नंबर पर मुंबई के रोहित शर्मा हैं। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1161 रन बनाए हैं।



**आरसीबी ने सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा सिक्स लगाए-** आरसीबी ने इस मैच में 19 सिक्स लगाए। यह सीएसके के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड 17 सिक्स का था। इसे कोलकाता (2018, चेन्नई) और राजस्थान (2020, शारजाह) ने बनाया था। साथ ही, यह आरसीबी की पारी में तीसरा सबसे ज्यादा सिक्स का आंकड़ा भी है।

**भुवनेश्वर 200 आईपीएल विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज-** भुवनेश्वर कुमार आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। उनसे पहले युजवेंद्र चहल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। भुवनेश्वर ने 192 मैचों में यह मुकाम हासिल किया। चहल के नाम सबसे ज्यादा 224 विकेट हैं।

**एम चिन्नास्वामी में द्रविड़ और कुंबले नाम के स्टैंड-** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों राहुल द्रविड़ और अनिल कुंबले के नाम पर स्टैंड बनाए गए। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने यह सम्मान दिया।

**दुबे से कोहली का कैच छूटा-** तीसरे ओवर में शिवम दुबे ने विराट कोहली का कैच छोड़ दिया। खलील अहमद की फुल गेंद पर कोहली ने सामने की तरफ शॉट खेला। मिडऑन पर शिवम दुबे ने पीछे की ओर दौड़ लगाई, लेकिन कैच नहीं लपक सके। कोहली 18 बॉल पर 28 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी में अंशुल कंबोज की बॉल पर उनका कैच शिवम दुबे ने ही पकड़ा।

**गायकवाड़ से पडीक्कल का कैच ड्रॉप-** 14वें ओवर में चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड से देवदत्त पडीक्कल का कैच छूट गया। मैट हेनरी की गेंद पर पडिक्कल ने कवर की ओर शॉट खेला। गायकवाड दाई ओर मूव हुए, लेकिन तेज रफ्तार से आती गेंद उनके हाथों में टिक नहीं पाई और कैच छूट गया।

**टिम डेविड ने 8 सिक्स लगाए, एक स्टेडियम के बाहर गया-** टिम डेविड ने डेथ ओवर्स में 8 सिक्स लगा दिए। 16वें ओवर में नूर अहमद के खिलाफ उन्होंने लगातार 3 सिक्स जड़ दिए। इसके बाद 17वें ओवर में अंशुल कंबोज की नो बॉल पर बोल्ड होने के बावजूद फ्री हिट का फायदा उठाते हुए सिक्स लगा दिया। 18वें ओवर में जेमी ओवर्टन के खिलाफ डेविड ने फिर आक्रामक रुख अपनाया और 4 सिक्स की मदद से अपनी फिफ्टी पूरी की। उनका एक छक्का स्टेडियम के बाहर क्यूब्बन पार्क तक जा पहुंचा। यह सिक्स 106 मीटर का रहा।

**सरफराज बैट छोड़कर रन के लिए भागे-** छठे ओवर में अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला। अभिनंदन सिंह की ऑफ स्टंप के बाहर गेंद पर सरफराज खान ने शॉट खेलने की कोशिश में बल्ला ही छोड़ दिया। बल्ला शॉर्ट मिडविकेट के पास जा गिरा, जबकि सरफराज रन के लिए भाग पड़े। इससे पहले उन्हें कैच ड्रॉप का जीवनदान भी मिला था, जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने सिर्फ 24 गेंद में फिफ्टी पूरी की। हालांकि उनकी आक्रामक पारी ज्यादा देर नहीं चली और 6.1 ओवर में क्रुणाल पांड्या ने उन्हें स्टंप आउट करा दिया। सरफराज 50 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**जितेश ने एक हाथ से कैच लपका-** 10वें ओवर में विकेटकीपर जितेश शर्मा ने शानदार कैच लपका। अभिनंदन सिंह की ऑफ स्टंप के बाहर बैक ऑफ लेंथ गेंद पर शिवम दुबे ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन अंदरूनी किनारा लग गया।

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड- 3 दिन में 6 डायरेक्टर्स का इस्तीफा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में इस वक्त भारी उठापटक चल रही है। शनिवार को बोर्ड के 4 और डायरेक्टर्स ने एक साथ इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को भी 2 मेंबर्स ने अपना पद छोड़ा था।

बोर्ड प्रेसिडेंट अमिनुल इस्लाम ने जरूर कह दिया, सब भले चले जाएं, मैं कहीं नहीं जाऊंगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक सप्ताह के अंदर बीसीबी की नई सरकार भंग हो सकती है। बोर्ड ने लिटन दास को 2028 और मेहदी हसन को 2027 तक टी-20 कप्तान भी बनाए रखा है।

3 दिन में 6 बड़े चेहरों ने साथ छोड़ा शनिवार को हुई मीटिंग के बाद सानियान तनीम, मेहराब आलम, फैयाजुर रहमान और मंजूरुल आलम ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे 2 दिन पहले ही यासिर मोहम्मद और फैसल आशिक ने भी पद छोड़ दिया था। अब तक 6 डायरेक्टर्स बीसीबी का साथ छोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि कुछ और लोग भी पद छोड़ने की तैयारी में हैं।

प्रेसिडेंट बोले- 'बाहरी लोग' काम नहीं करने दे रहे अमिनुल इस्लाम बुलबुल मीडिया के सामने तो नहीं आए, लेकिन एक टीवी चैनल से बातचीत में अपना दर्द बयां कर दिया। उन्होंने कहा, मैं आखिरी दिन तक अपनी कुर्सी संभालूंगा। हमारी टीम अच्छी और ईमानदार है, मैं उनके साथ मिलकर देश के क्रिकेट की सेवा करना चाहता हूं। उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि कुछ बाहरी ताकतें उन्हें खुलकर काम नहीं करने दे रही हैं। बुलबुल के मुताबिक, हमें एक दिन भी आजादी से काम नहीं करने दिया गया। बाहर से लगातार दखलअंदाजी हो रही है, जिसकी वजह से हमारे क्रिकेट की रफ्तार थम गई है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर।
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









कमर्शियल एलपीजी के नए नियम

## दिल्ली में कारोबारियों के लिए पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना अनिवार्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब कारोबारियों और औद्योगिक इकाइयों को गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी कनेक्शन हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा। दोहरे उपयोग के लिए विशेष छूट का भी प्रावधान है। पूरी खबर पढ़ें।

दिल्ली सरकार ने राजधानी में व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति के नियमों को सख्त कर दिया है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से 2 अप्रैल को एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया। इसके तहत, अब उन इलाकों में जहां पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध है, वहां व्यवसायों के लिए कमर्शियल एलपीजी प्राप्त करना तभी संभव होगा, जब उनके पास पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन हो या उन्होंने इसके लिए आवेदन कर दिया गया हो। सरकार ने हाल ही में अधिसूचित कमर्शियल एलपीजी वितरण नीति से जुड़े एक प्रमुख नियम में यह संशोधन किया है। संशोधित नियमों के तहत, कमर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ता अब एलपीजी आपूर्ति प्राप्त करने के पात्र तभी माने जाएंगे, जब वे संबंधित तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) के साथ पंजीकृत होंगे और नेटवर्क मौजूद होने की स्थिति में उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया होगा। आदेश में उन क्षेत्रों के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं जहां पीएनजी इन्फ्रास्ट्रक्चर अभी तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को एक आवेदन जमा करना होगा, जिसमें पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध होने पर उस पर स्विच करने की मंशा साफ की गई हो।

बार-बार नौकरी बदलने से बन जाते हैं कई ईपीएफ खाते, ऑनलाइन मर्ज करें

# पुराने खातों का ट्रांसफर ऐसे होगा आसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कई बार नौकरी बदलने से कर्मचारियों के कई ईपीएफ खाते बन जाते हैं, जिससे रिटायरमेंट बचत ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर इसी समस्या का समाधान है। यह नंबर पूरे करियर में एक जैसा रहता है और सभी ढक्रखातों को जोड़ता है। नया नियोक्ता वअठ से खाता लिंक करता है, जिससे बैलेंस देखना, योगदान ट्रैक करना और पुराने खातों का ट्रांसफर आसान हो जाता है।

बार-बार नौकरी बदलने से अक्सर कर्मचारी भविष्य निधि के कई खाते बन जाते हैं, क्योंकि प्रत्येक नया नियोक्ता आमतौर पर कर्मचारियों के लिए एक नया खाता खोलता है। इसके कारण विभिन्न कंपनियों से जुड़े कई पीएफ खाते हो सकते हैं। फंड तो सुरक्षित रहता है, लेकिन कई खाते होने से कुल रिटायरमेंट बचत को ट्रैक करना कठिन हो जाता है। भ्रम से बचने और निरंतर सेवा रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के लिए, कर्मचारियों को पुराने पीएफ खातों की शेष राशि को अपने वर्तमान खाते में ट्रांसफर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**यूनिवर्सल अकाउंट नंबर –** यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को पीएफ प्रबंधन को सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रत्येक ईपीएफ सदस्य को एक यूएएन प्राप्त होता है, जो उनके पूरे कामकाजी जीवन के दौरान समान रहता है। विभिन्न नियोक्ताओं के तहत बनाए गए सभी पीएफ खातों को इस नंबर से जोड़ा जा सकता है। किसी नए संगठन में शामिल होते समय, कर्मचारियों को अपना यूएएन नियोक्ता को देना चाहिए ताकि नया पीएफ खाता मौजूदा खाते से जुड़ जाए। एक ही यूएएन के तहत सभी खातों को जोड़ने से शेष राशि देखना, योगदान ट्रैक करना और ट्रांसफर प्रक्रिया आसान हो जाती है।

**पीएफ खातों को ऑनलाइन ऐसे करें मर्ज** पीएफ के पैसे को वर्तमान खाते में ट्रांसफर करने का काम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्य पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल हैं:




- अपने यूएएन और पासवर्ड का उपयोग करके ईपीएफओ सदस्य सेवा पोर्टल पर लॉग इन करें।
- 'ऑनलाइन सर्विसेज' सेक्शन में जाएं और वन मेंबर- वन ईपीएफ अकाउंट (ट्रांसफर रिक्वेस्ट) विकल्प चुनें।
- स्क्रीन पर प्रदर्शित व्यक्तिगत विवरणों को सत्यापित करें।
- पुराने खाते का विवरण प्राप्त करने के लिए पिछला पीएफ सदस्य आईडी या यूएएन दर्ज करें।
- ट्रांसफर अनुरोध की पुष्टि करें और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी का उपयोग करके इसे जमा करें।
- अनुरोध सत्यापन के लिए भेज दिया जाता है।
- अनुरोध जमा करने के बाद क्या होता है?
- वर्तमान नियोक्ता को अनुरोध सत्यापित और अनुमोदित करना होता है।
- एक बार नियोक्ता की पुष्टि पूरी हो जाने के बाद, ईपीएफओ पुराने खातों से शेष राशि को वर्तमान खाते में ट्रांसफर कर देता है।

### क्या होगा फायदा?

खातों को जोड़ने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपकी 'सेवा की अवधि' जुड़ी रहती है। अगर आप लगातार पांच साल तक अंशदान करते हैं, तो निकासी के समय टैक्स की बचत होती है। साथ ही, रिटायरमेंट के समय पेंशन का हिसाब लगाने में भी आसानी होती है। याद रखिए, आपकी मेहनत की कमाई का एक-एक पैसा कीमती है, और उसका सही हिसाब रखना आपकी जिम्मेदारी।

बंदरगाहों ने

## 91.5 करोड़ टन कार्गो का परिवहन कर रचा इतिहास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के बंदरगाहों ने समुद्री परिवहन क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पत्तन, पोत परिवहन और जल मार्ग मंत्रालय के तहत आने वाले प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2025-26 में 91.517 करोड़ टन कार्गो हैंडल कर 90.4 करोड़ टन के लक्ष्य को पार कर लिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 7.06 फीसदी अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर देश की समुद्री विरासत से जुड़े लोगों के अमूल्य योगदान की सराहना की। दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण 16.011 करोड़ टन कार्गो के साथ सबसे आगे रहा है जबकि पारादीप पोर्ट अथॉरिटी 15.645 करोड़ टन के साथ दूसरे और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण 10.201 करोड़ टन के साथ तीसरे नंबर पर रहा है। इसके अलावा, विशाखापत्तनम बंदरगाह प्राधिकरण, मुंबई पोर्ट अथॉरिटी, चेन्नई पत्तन प्राधिकरण और नूतन मंगलूरु पत्तन प्राधिकरण ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है। इससे कुल कार्गो हैंडलिंग में बड़ा योगदान मिला। वृद्धि दर में भी प्रमुख बंदरगाहों ने बेहतर प्रदर्शन किया। पीएम ने सोशल मीडिया में लिखा, समुद्री क्षेत्र में कार्यरत लोगों का समर्पण देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और संपर्क को मजबूत करता है।

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की पूंजी निकासी का सिलसिला अप्रैल में भी जारी है। अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही एफपीआई ने 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। इस ताजा बिकवाली के साथ एफपीआई 2026 में अब तक 1.5 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। एफपीआई ने इससे पहले मार्च में घरेलू शेयर बाजार से करीब 1.17 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड निकासी की थी। यह एफपीआई की निकासी के लिहाज से सबसे खराब महीना था। हालांकि, फरवरी ने इन्होंने बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले थे, जो 17 महीने में सबसे ज्यादा था। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, अमेरिका में बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ने की वजह से निश्चित आय वाली परिसंपत्तियों का आकर्षण बढ़ा है। ऐसे में निवेशक अपने निवेश को शेयरों से अन्य संपत्तियों की ओर संतुलित कर रहे हैं।

सरकार जल्द कर सकती है योजना की घोषणा

# युद्ध प्रभावित क्षेत्रों को 2.5 लाख करोड़ तक की कर्ज गारंटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के लिए 2 से 2.5 लाख करोड़ रुपये की कर्ज गारंटी योजना ला सकती है। एमएसएमई और निर्यात क्षेत्र को राहत मिलेगी। केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए नई कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी कर रही है। इस योजना का मकसद खासतौर पर उन कंपनियों को आसानी से कर्ज उपलब्ध कराना है, जो आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के साथ कच्चे माल और लॉजिस्टिक खर्च की बढ़ती लागत से परेशान हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नई योजना के तहत सरकार दो से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की कर्ज गारंटी दे सकती है। यह कोविड महामारी के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के मॉडल पर आधारित होगी। वित्तीय सेवा विभाग इस योजना पर काम रहा है। माना जा रहा है कि सरकार अगले 15 दिनों के भीतर इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस राहत पैकेज का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि आपूर्ति श्रृंखला



में रुकावट की वजह से जो क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उन्हें नकदी की कमी न हो और वे अपना कारोबार चालू रख सकें। योजना के तहत उन कंपनियों को सरकार की गारंटी पर कर्ज मिलेगा।

**अनिश्चित माहौल में मिलेगा भरोसा–** सूत्रों ने कहा, इस योजना का मकसद कंपनियों को भरोसा देना है, ताकि वे अनिश्चित माहौल में भी काम जारी रख सकें। हालात अभी ज्यादा खराब नहीं हैं, लेकिन सरकार पहले से तैयारी कर रही है, ताकि अर्थव्यवस्था पर अधिक दबाव न पड़े। सरकार प्रभावित क्षेत्रों से संपर्क कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उनके उत्पादन पर कितना असर पड़ रहा है।

**एमएसएमई और निर्यात क्षेत्र के लिए बड़ी राहत–** सूत्रों ने कहा, ईरान युद्ध का सीधा असर लघु, सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई)और निर्यात पर पड़ा है। निर्यात से जुड़े क्षेत्र आवाजाही में रुकावट और बढ़ते मालभाड़े की वजह से दबाव में हैं। एमएसएमई क्षेत्र भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जो ब्याज दरों के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं और जिनकी कार्यप्रणाली स्थिर नकदी प्रवाह पर निर्भर करती है। सरकार की नई कर्ज गारंटी योजना से छोटे उद्यमों को अपना व्यापार बचाने और कर्मचारियों का समय पर वेतन देने में मदद मिलेगी।

- **कोरोना में ईसीएलजीएस से मिली थी बड़ी राहत–** कोविड काल के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना ने लाखों कर्जदारों की मदद की थी और महामारी के दौरान खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। ईसीएलजीएस के तहत अब तक 1.19 करोड़ लाभार्थियों को 3.62 लाख करोड़ रुपये की कर्ज गारंटी दी जा चुकी है। एमएसएमई क्षेत्र इसका सबसे बड़ा लाभार्थी रहा।
- **चुनौतियों के बावजूद निर्यात क्षेत्र में मजबूती–** वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत के निर्यात क्षेत्र ने मजबूती दिखाई है। 2025-26 में निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक, 31 मार्च तक के रुझानों के आधार पर यह स्पष्ट है कि कई चुनौतियों के बावजूद निर्यात में गिरावट नहीं आई है। टैरिफ के अलावा अर्थव्यवस्था की विभिन्न चुनौतियों जैसे यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया तनाव जैसे मुद्दों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात ने अपनी रफ्तार बनाए रखी है।

ईरान ने भेजा बेहद खास संदेश

## होर्मुज स्ट्रेट से भारत के 7वें एलपीजी टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट किया पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सानवी सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गया। इस दौरान ईरान ने भारत के लिए एक विशेष संदेश जारी कर दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों को याद किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब वैश्विक तेल आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है और कई जहाज अब भी फंसे हुए हैं।

ईरान के मुंबई स्थित वाणिज्य दूतावास ने अपने संदेश में कहा, 'भारत, और विशेष रूप से गुजरात, हमारे साझा इतिहास में एक गौरवशाली स्थान रखते हैं; क्योंकि सदियों पहले इन्होंने हमारी भूमि से आए लोगों का सहर्ष स्वागत किया था। ईरान ने कहा, इस अटूट सभ्यतागत बंधन को आधार बनाते हुए, हम मित्रता और सहयोग के संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईरान ने भारत, खासकर गुजरात, को साझा इतिहास का अहम हिस्सा बताया। यह बयान प्राचीन लोथल बंदरगाह की याद दिलाता है, जो हजारों साल पहले भारत और फारस के बीच व्यापार का प्रमुख केंद्र था।

**रणनीतिक सहयोग की मजबूती–** ईरान ने अपने संदेश में कहा कि दोनों देशों के बीच यह संबंध सिर्फ इतिहास तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में भी दोस्ती और सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता बनी रहेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने कूटनीति के जरिए अपने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की है।

**ऊर्जा संकट के बीच राहत–** ग्रीन सानवी टैंकर में 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई थी। अब तक छह अन्य जहाज भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं, जबकि करीब 17 भारतीय जहाज अब भी होर्मुज के पश्चिम में फंसे हैं। इस संकट के चलते वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं।

## राघव चड्ढा बोले- ये तो ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है:

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (AAP) से चल रही तकरार के बीच राघव चड्ढा ने नया पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है- मेरे उन सहयोगियों के लिए जो मजबूर होकर वीडियो जारी कर रहे हैं और कह रहे हैं कि राघव चड्ढा संसद में पंजाब के मुद्दे उठाने में असफल रहे। उनके लिए एक छोटी झलक। कहानी अभी बाकी है। चड्ढा ने आगे लिखा- पंजाब मेरे लिए सिर्फ एक विषय नहीं है। यह मेरा घर है, मेरा कर्तव्य है, मेरी मिट्टी है, मेरी आत्मा है।

राघव ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने पार्लियामेंट में अपनी स्पीच दिखाई हैं। इनमें चड्ढा को पंजाब के मुद्दे उठाते सुना जा सकता है।

वहीं, (AAP) नेता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि राघव चड्ढा ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना वाले अपने सभी पुराने पोस्ट डिलीट कर दिए हैं।

### कुमार विश्वास का वीडियो वायरल

इधर, मशहूर कवि कुमार विश्वास का डेढ़ साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि अअढ का अगला शिकार राघव चड्ढा होंगे। उसने हीरोइन से शादी कर ली और रील दिखने लगी है। कुमार विश्वास (AAP) के फाउंडर मेंबर्स में से एक हैं। दिल्ली में सरकार बनने के बाद उनका अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम से मनमुटाव हो गया, जिसके बाद उन्होंने (AAP) छोड़ दी थी।

राघव ने 4 अप्रैल को दूसरा वीडियो जारी कर कहा- कल से मेरे खिलाफ एक स्क्रिप्टेड कैंपेन चलाया जा रहा है। वही भाषा, वही बातें, वही आरोप। यह कोई कोइंसिडेंस नहीं, बल्कि एक को-ऑर्डिनेटेड अटैक है। पहले मुझे लगा कि मुझे इसका जवाब नहीं देना चाहिए। फिर लगा कि एक झूठ को सौ बार बोला जाए तो कहीं लोग मान न लें। इसलिए, मैंने सोचा कि जवाब दूं। मैं संसद में शोर मचाने, चिल्लाने, माइक तोड़ने या गाली देने नहीं गया, बल्कि जनता के मुद्दे उठाने के लिए गया हूं।

आखिर में राघव ने धुरंधर फिल्म का डायलॉग, घायल हूं, इसलिए घातक हूं कहते हुए (AAP) को चेतावनी दी।

### सिक्किम में बर्फबारी-भूस्खलन साथ, 800 टूरिस्ट फंसे:

# 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट; यूपी में बिजली गिरने से 3 दिन में 15 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सिक्किम के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तरुम चू के पास तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। घटना के कारण यहां 800 टूरिस्ट फंस गए । यहां आज सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है।

इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री धाम समेत 3 जिलों में रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं 6 जिलो में बारिश के साथ ओले गिरे।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के ऊंचे में भी बर्फबारी हुई। गोंदला में 28.5 सेंटीमीटर, केलांग में 20.0 सेमी, हंसा में 5 सेमी बर्फ गिरी। जबकि शिमला, कुल्लू और मंडी में ओले गिरने से सेब की फसल को नुकसान हुआ।

यूपी में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 72 घंटे में 15 लोगों की मौत हुई है। काशी, गोंडा, सल्तानपुर और कानपुर समेत 11 जिलों में रविवार को रुक-रुक कर बारिश हुई। कानपुर, मथुरा, संभल में ओले गिरे। राजस्थान में आज से नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। 14 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश का अलर्ट है। दिल्ली-ठउफ और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना है।

### अगले दो दिन मौसम का हाल

हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरलम और आंध्र प्रदेश में आंधी-तूफान की संभावना है। आंध्रप्रदेश, केरलम और पुडुचेरी में ओलावृष्टि की आशंका है। वहीं,



राजस्थान, बिहर और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है। पंजाब और राजस्थान में कुछ जगहों पर 60 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवा चल सकती है।

### अप्रैल के मौसम से जुड़े 3 सवाल और उनके जवाब

**क्यों गिरे ओले:** अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से एक साथ नमी पहुंची। वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय रहा। पंजाब और छग के आसपास चक्रवाती सिस्टम बना। इन सभी सिस्टम के एक साथ एक्टिव होने से ओलावृष्टि हुई।

**दोपहर बाद ही आंधी-ओले-बारिश क्यों:** विक्षोभ एक्टिव होने के बाद अमूमन दोपहर बाद ही आंधी चलती है और बारिश होती है। दरअसल, विक्षोभ सक्रिय होने के बाद एक सक्युर्लेटरी सिस्टम बना। दिन में बढ़ता तापमान इस सिस्टम को एनर्जी देने का काम करता है, इसलिए दोपहर बाद ही ओले-बारिश का दौर शुरू होता है।

**गर्मी का असर कब और कितना:** 15 अप्रैल के बाद मौसम स्थिर होगा। उत्तर-पश्चिम से लेकर मध्य और पूर्वी भारत में गर्मी धीरे-धीरे बढ़ेगी। हालांकि, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान में अप्रैल में लू के दौर छोटे रहेंगे।

### राजस्थान: आज भी ओले गिरने की चेतावनी

प्रदेश में कल से एक नया सिस्टम एक्टिव होगा। इसके असर से 13 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से शनिवार को भी कई जिलों में देर शाम घने बादल छाए, तेज हवा चलने के साथ बारिश और ओले गिरे। उदयपुर में 32टट से ज्यादा बरसात हुई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। वहीं, इन एरिया में तापमान में भी गिरावट हुई। मप्र में ओले-बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। शनिवार को बैतूल, श्योपुर, मुरैना समेत 8 से 10 जिलों में ओले गिरे।

### झारखंड समेत 6 राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट:



देश के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40त् उ के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है। लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35त्उ से कम या आसपास है।

इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई। अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है। 13 मार्च से अब तक 6 पश्चिमी विक्षोभ आ चुके हैं। 6 अप्रैल को एक नया सिस्टम बनेगा। इसका असर आज से शुरू हो गया है। असम, मेघालय, अरुणाचल, केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। झारखंड में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे के पीड़ित परिवारों का पीएम को लेटर, कहा- हम पैसे नहीं, हादसे की वजह जानना चाहते हैं; ब्लैक बॉक्स डेटा की मांग


### परिवारों का आरोप- वेबसाइट पर मृतकों के सामान की साफ फोटो नहीं


ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अहमदाबाद में एअर इंडिया प्लेन क्रैश के 10 महीने बाद करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने ढट से फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (CVR) डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है।

परिजनों ने कहा, हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें सच्चाई जाननी है। हम जानना चाहते हैं कि हादसा क्यों हुआ और क्या इसमें कोई तकनीकी खराबी थी। परिजनों का कहना है कि अगर ब्लैक बॉक्स डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, तो कम से कम इसे निजी तौर पर परिवारों के साथ साझा किया जाए। 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787-8 विमान टेकऑफ के तुरंत बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिर गया था। इस हादसे में 241 यात्री और 19 अन्य लोगों समेत कुल 260 लोगों की मौत हुई थी।

पीड़ित परिवारों ने PM को लिखे लेटर में






एअर इंडिया की तरफ से मदद की कमी का आरोप लगाया। हादसे में अपनी मां को खोने वाली किंजल पटेल ने एअर इंडिया की वेबसाइट के इस्तेमाल में आ रही दिक्कतों का जिक्र किया, जहां पीड़ितों के सामान की पहचान करनी होती है। उन्होंने कहा, वेबसाइट पर 25,000 से ज्यादा सामानों की लिस्ट हैं, लेकिन तस्वीरें साफ नहीं हैं। इससे कुछ भी ढूंढ पाना या पहचान कर पाना लगभग नामुमकिन है।

वहीं अपनी मां, भाई और बेटी को खोने वाले खेड़ा के रोमिन वोरा ने बताया कि डिजिटल साधनों की जानकारी न होने के कारण कई परिवारों को परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा, सिर्फ एक ईमेल आईडी है और जवाब आने में 15 दिन तक लग जाते हैं। गांव के कई लोग ईमेल इस्तेमाल करना भी नहीं जानते। उन्होंने यह भी कहा कि वेबसाइट पर निजी सामान को सार्वजनिक रूप से दिखाना असंवेदनशील है।

प्लेन क्रैश में 24 साल के बेटे की मौत के बाद निलेश पुरोहित ने कहा, अब मेरा घर बिल्कुल खाली लगने लगा है। कोई भी मुआवजा इस कमी को पूरा नहीं कर सकता। हमें पैसे नहीं, बल्कि सच्चाई जाननी है।

### इस साल जून में प्लेन क्रैश की फाइनल रिपोर्ट आने की संभावना

पीड़ित परिवारों ने लेटर की कॉपी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB), डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को भी भेजी हैं। इस मामले में एअर इंडिया की प्रतिक्रिया का इंतजार है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने पिछले साल जुलाई में प्लेन क्रैश की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपी थी। फाइनल रिपोर्ट इस साल जून में, यानी हादसे की पहली बरसी के आसपास आने की संभावना है।

AAIB ने 12 फरवरी को बताया था कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच अभी भी जारी है। अअक्ष ने इटली के नामी अखबार कोरिएरे डेला सेरा की उस रिपोर्ट को गलत बताया जिनमें घटना के लिए पायलट को दोषी ठहराए जाने की बात कही गई थी। इटली के अखबार ने अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए बताया था कि जांचकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि हादसा किसी तकनीकी खराबी के कारण नहीं हुई थी। बल्कि पायलट ने जानबूझकर फ्यूल स्विच बंद कर दिया था।

इस पर AAIB ने कहा- जांच अभी जारी है। किसी भी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है। ब्यूरो ने मीडिया से संयम बरतने और समय से पहले अटकलें लगाने से बचने का आग्रह किया।

# ईरान के पहाड़ों में छिपा था अमेरिकी पायलट: 36 घंटे में दुश्मन के बीच से बचाया, ट्रम्प बोले- यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के एफ-15ए फाइटर जेट के दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर ईरान से रेस्क्यू कर लिया गया। इसके मेन पायलट को शुक्रवार रात को ही बचा लिया था, जबकि एयरमैन यानी वेपन सिस्टम ऑफिसर को शनिवार रात रेस्क्यू किया गया।

अमेरिकी स्पेशल फोर्स ने एयरमैन को बचाने के लिए एक खास ऑपरेशन चलाया था, जिसमें सैकड़ों अमेरिकी कमांडो शामिल थे। इन्होंने ईरान के काफी अंदर जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार सुबह सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, अफसर को चोटें आई हैं, लेकिन वह पूरी तरह ठीक हो जाएगा। ट्रम्प ने इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे साहसी सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन करार दिया है। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, घायल अफसर तक पहुंचने के लिए अमेरिकी और ईरानी फोर्सेस के बीच करीब दो दिन तक




## एयरमैन के पास सिर्फ 1 पिस्तौल थी

शनिवार को स्पेशल कमांडो यूनिट ने भारी हवाई सुरक्षा के साथ ऑपरेशन चलाया। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरानी फोर्स को उस इलाके तक पहुंचने से रोकने के लिए हमले भी किए। घायल एयरमैन के पास सिर्फ एक पिस्तौल थी। जब अमेरिकी फोर्स उस एयरमैन तक पहुंचने लगी, तब गोलीबारी भी हुई। लेकिन अंत में अमेरिकी टीम अधिकारी को सुरक्षित निकालने में सफल रही और सभी सैनिक ईरान से बाहर आ गए। अमेरिका के पूर्व सेना अधिकारी मेजर जनरल (रिटायर्ड) मार्क मैक्कार्ली ने उठठ से कहा कि जिस इलाके में यह घटना हुई, वह पहाड़ी था



और पूरी तरह सुनसान था। इसके साथ ही ईरान की तरफ से उस सैनिक को पकड़ने पर इनाम भी घोषित किया गया था। इन सभी हालात को देखते हुए यह मिशन बेहद खतरनाक था। मैक्कार्ली ने यह भी बताया कि उस सैनिक की लोकेशन एक इमरजेंसी बीकन (सिग्नल देने वाला उपकरण) के जरिए पता चली होगी। जब फाइटर जेट गिरता है, तो यह बीकन लगातार कमांड सेंटर को लोकेशन भेजता रहता है।




## CIA ने अफवाह फैलाकर ईरान को भटकाया

अमेरिका और ईरान एयरमैन को ढूंढ रहे थे। ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड भी उसे पकड़ने के लिए वहां पहुंच गई थी। एयरमैन को ढूंढना बहुत मुश्किल था। इसके लिए CIA ने एक चाल चली। उन्होंने ईरान के अंदर गलत जानकारी फैलाई कि अमेरिकी सेना उसे पहले ही ढूंढ चुकी है और उसे निकालने की तैयारी कर रही है। इससे ईरान की खोज की दिशा भटक गई। इसी दौरान उक्अ ने अपनी खास तकनीक का इस्तेमाल करके एयरमैन की सही लोकेशन पता कर ली। यह लोकेशन पेंटागन, अमेरिकी सेना और व्हाइट हाउस को दी गई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन का आदेश दिया।

## पैराशूट से उतरने के बाद घायल हुआ था अफसर



अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने 3 अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि ईरान ने शुक्रवार को ऋ15 विमान गिरा दिया था। उसमें दो लोग थे। एक मेन पायलट और एक एयरमैन यानी वेपन सिस्टम ऑफिसर (जो हथियारों को ऑपरेट करता है)। मेन पायलट को कुछ घंटों के भीतर ही बचा लिया गया था। लेकिन एयरमैन पैराशूट से उतरने के बाद घायल हो गया। चोट लगने के बावजूद वह चलने की हालत में था। इसके बाद वह ईरान के पहाड़ी इलाके में छिप गया और वहां एक दिन से ज्यादा समय तक पकड़ से बचता रहा। उसने अपनी रएफए ट्रेनिंग (जिंदा रहना, बचना, विरोध करना और निकलना) का इस्तेमाल करते हुए कोहगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत के कठिन पहाड़ी इलाके में खुद को छिपाए रखा।

## पहली बार दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट

रेस्क्यू मिशन की शुरुआत शुक्रवार को हुई, जब ऋ15ए स्ट्राइक ईगल विमान को ईरान की सेना ने मार गिराया। यह इस एक महीने से चल रही जंग में पहला मौका था, जब किसी अमेरिकी फाइटर जेट को दुश्मन की फायरिंग से गिराया गया।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, एयरमैन को अपनी रेस्क्यू टीम तक पहुंचने के लिए बहुत जोखिम भरा कदम उठाना पड़ा। हालांकि, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब यह एयरमैन करीब 36 घंटे तक ईरान के पहाड़ी इलाके में छिपा रहा, तब अमेरिकी टद-9 रीपर ड्रोन ने उन ईरानी लोगों पर फायरिंग की, जो उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। यह जानकारी ऑपरेशन से जुड़े अधिकारियों और सूत्रों के हवाले से दी गई है। जर्नल के अनुसार, इस रेस्क्यू मिशन के दौरान दर्जनों अमेरिकी विमान कमांडो टीम को सुरक्षा दे रहे थे, जो तेजी से अंदर जाकर एयरमैन को निकालकर ले आई। हालांकि, जमीन पर अमेरिकी फोर्स को ज्यादा बड़ा विरोध नहीं झेलना पड़ा।

# ईरान बोला- जंग में पाकिस्तान का कोई रोल नहीं:ट्रम्प की धमकी पर कहा- 47 साल में कुछ नहीं कर पाए, अब भी नहीं कर पाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान ने जंग में पाकिस्तान के किसी भी रोल से इनकार किया है। भारत में मौजूद ईरानी सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने रविवार को कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के जरिए बातचीत की खबरें पूरी तरह गलत हैं और इनका कोई सच नहीं है।

इलाही ने कहा कि ऐसी खबरें सिर्फ तेल की कीमतों को प्रभावित करने के लिए फैलाई जा रही हैं। उन्होंने साफ किया कि इस समय कोई गंभीर बातचीत नहीं चल रही है और कुछ देश सिर्फ दिखावे के लिए बातचीत की बात कर रहे हैं।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी पर इलाही ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है, अमेरिका पिछले 47 सालों में भी ईरान का कुछ



नहीं कर पाया और आगे भी कुछ नहीं कर पाएगा।

ट्रम्प के इस दावे पर कि अमेरिका जंग जीत चुका है, इलाही ने कहा कि इसका जवाब जंग के मैदान में दिया जाएगा। अमेरिका 3 दिन में सब खत्म करने की बात कर रहा था, लेकिन अब एक महीने से ज्यादा हो चुका है और जंग अभी भी जारी है। ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही।

ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा।

## ट्रम्प की धमकियों के बावजूद एशियाई शेयर बाजारों में तेजी

ट्रम्प की ईरान को लेकर नई धमकियों के बावजूद एशियाई शेयर बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 0.45% की बढ़त के साथ खुला, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स करीब 1.8% ऊपर रहा। वहीं, चीन के बाजारों में गिरावट देखने को मिली। शंघाई का रए कंपोजिट इंडेक्स करीब 1% और हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.7% नीचे रहा। ट्रम्प ने ईरान के नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने की धमकी दी है, लेकिन इसका असर एशियाई बाजारों पर सीमित नजर आया। इराक के कुर्द क्षेत्र के सुलेमानिया शहर में ड्रोन हमले के बाद जोरदार धमाके हुए हैं। हमले के बाद शहर के आसमान में आग और धुएं के गुबार उठते देखे गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ड्रोन स्ट्राइक के बाद कई धमाके हुए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

## अंतर ढूंढो...








## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत-3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण-2
15. बारबाला, मधुबाला-2
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1. नाज, नखरा, चोंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात-3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ल्ही | न | ■ | ■ | ह | ■ | ग |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| ती | न | हूं | मा | न | ■ | क | म | म |
| ■ | ■ | प | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | न | क | ल | र |
| ■ | कौ | ■ | ध | न | ■ | मा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | कब | ज | ल | ■ | दा | ■ | ना |
| हूं | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | | 50 | | 75 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 24 | | 71 | | 12 | = | 73 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 15 | | 62 | | 5 | = | 72 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 43 | | 13 | | 11 | | 20 | = | 98 / 39 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | म | मा | अ | शो | क | म | न | ह | क | रा |
| हा | त | सू | ह | री | ल | जी | स | ल | क | ज |
| बु | धी | रा | द | अं | फ्बु | त | र | म | ल | थी. |
| प | र | दा | ज | ल | क | जी | ओ | मु | व | त |
| बु | अ | न | घ | ल | म | मी | छ | झे | सी | ला |
| प | मी | ज | स | जि | ख्या | क | प | कु | नु | श |
| के | ह | बु | न | ठी | म | मी | टे | छ | हा | ण |
| न | पू | सु | पा | वी | पं. | सौ | ल | क | ना | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ज | बे | बे | हा | न | त |
| आ | प | वे | व | फ | दी | र | ह | ना | क | थ |
| दो | स्ती | न | प | द | न | इ | ह | है | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 6 | 34 | | 32 | 7 |
| | | 7 | | | | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 36 | 6 |
| | | 2 | | | 4 | 5 |
| 1 | 24 | | 35 | | 28 | |
| 2 | | 5 | | 1 | | 4 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




# 23 साल बाद दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट: ट्रम्प का ईरानी आसमान पर कब्जे का दावा गलत

**ईरान जंग के एक महीने बाद ट्रम्प ने 2 अप्रैल को अमेरिकी जनता को संबोधित किया। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की हवाई सेना को तबाह कर दिया है और उनके पास जवाब देने की क्षमता नहीं बची है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर कब्जा हो चुका है। उनके विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं और ईरान कुछ नहीं कर पा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे ही दावे किए। लेकिन हालात अब अलग कहानी बता रहे हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए। न्यूज एजेंसी अब के मुताबिक, 23 साल में पहली बार अमेरिकी लड़ाकू विमान दुश्मन की गोलीबारी में गिराए गए। इससे पहले 2003 में इराक युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था। ईरान जंग में अब तक 7 अमेरिकी विमान तबाह हुए हैं।**


**एक्सपर्ट्स का कहना है अमेरिकी हमले में नुकसान पहुंचने के बाद ईरान ने अपनी रणनीति बदली है। पहले वह स्थिर एयर डिफेंस सिस्टम इस्तेमाल करता था, लेकिन अब उसने मोबाइल सिस्टम अपनाए हैं।**

## मजीद एयर
### डिफेंस सिस्टम




इस्तेमाल: ड्रोन, हेलिकॉप्टर, लो-फ्लाइंग फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल

## ईरान जंग
### 7 अमेरिकी विमान तबाह



**2 मार्च 2026**
कुवैत में 'फ्रेंडली फायर' में 3 F-15 गिरे, सभी 6 क्रू मेंबर सुरक्षित।



**12 मार्च 2026**
इराक में KC-135 टैंकर क्रैश, 6 अमेरिकी एयर क्रू की मौत।





**27 मार्च 2026:** सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर E-3 सेंट्री नष्ट हुआ, एक टैंकर को भी नुकसान।

3 अप्रैल 2026: F-15 और A-10 गिराए गए, पहली बार दुश्मन की फायरिंग में अमेरिकी विमान गिरे।

ईरानी मीडिया के मुताबिक सबसे पहले अमेरिकी ऋ15ए फाइटर जेट को मार गिराया गया। यह ईरान के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में उड़ान भर रहा था।

ऋ15ए फाइटर जेट के क्रू को ढूंढने के लिए अमेरिकी विमान अ-10 अटैक एयरक्राफ्ट पहुंचा तो उस पर भी हमला हुआ। अ-10 हमले के बाद कुवैत के हवाई क्षेत्र तक पहुंच गया, जहां पायलट ने सुरक्षित तरीके से इजेक्ट किया। पायलट सुरक्षित है, हालांकि विमान कुवैत में क्रैश हो गया। उइर के अनुसार, ऋ15ए में दो क्रू मेंबर थे। इनमें से एक को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि दूसरा लापता है। ईरानी सरकारी मीडिया का कहना है कि पैराशूट के जरिए बाहर निकला यह क्रू सदस्य देश के दक्षिणी हिस्से में उतरने का अनुमान है। वहीं, ऋ15ए फाइटर जेट के रेस्क्यू के लिए 2 ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर भेजे गए थे। उन पर भी हमला हुआ। हालांकि, इन पर मौजूद सभी अमेरिकी सैनिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## ईरान की रणनीति नहीं समझ पा रहा अमेरिका

एक्सपट्र्स का कहना है कि अमेरिका को ईरान के आसमान में बढ़त जरूर है, लेकिन पूरी तरह कंट्रोल नहीं है। ईरान का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। अब सवाल यह है कि कमजोर एयर डिफेंस होने के बावजूद ईरान ने इतने एडवांस अमेरिकी विमानों को कैसे निशाना बनाया? इसका जवाब है ईरान की असिमेट्रिक वॉरफेयर यानी अलग तरीके से युद्ध लड़ने की रणनीति। ईरान जानता है कि सीधे युद्ध में अमेरिका से मुकाबला करना मुश्किल है, इसलिए कम संसाधनों में ज्यादा नुकसान पहुंचाने की रणनीति अपना रहा है। वह अक्सर अमेरिका पर चौंकाने वाले हमले कर रहा है। यही वजह है कि जंग शुरू होने के 35 दिन बाद भी अमेरिका अभी भी ईरान की रणनीति को पूरी तरह समझ नहीं पाया है। एक्सपर्ट का मानना है कि अमेरिकी विमानों और हेलिकॉप्टर पर हमले के पीछे मजीद एयर डिफेंस सिस्टम या कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल (शोल्डर-फायर मिसाइल) हो सकती हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे, इसलिए वे इन मिसाइलों की रेंज में आ गए।

## मजीद एयर डिफेंस 6km दूरी तक निशाना लगा सकता है

मजिद सिस्टम ईरान ने 2021 के आसपास इस्तेमाल करना शुरू किया था। इसे कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट को निशाना बनाने के लिए बनाया गया है। इस सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह रडार पर निर्भर नहीं रहता, बल्कि इंफ्रारेड तकनीक का इस्तेमाल करता है। मजीद रडार सिग्नल नहीं देता, इसलिए विमान इसे पहले से पकड़ नहीं पाते। इसकी मार करने की दूरी करीब 8 किलोमीटर और ऊंचाई 6 किलोमीटर तक है। इस वजह से यह उन हालात में ज्यादा कारगर होता है, जहां दुश्मन के विमान या ड्रोन को किसी खास इलाके के ऊपर आना पड़ता है। यह एकसाथ कई टारगेट पर नजर रख सकता है और इसमें एकसाथ 8 मिसाइल तैयार रहती हैं। यह सिस्टम आमतौर पर मोबाइल प्लेटफॉर्म पर लगाया जाता है, यानी इसे जरूरत के हिसाब से एक जगह से दूसरी जगह जल्दी शिफ्ट किया जा सकता है।

## 24 घंटे में ईरान का अमेरिकी विमानों पर निशाना

### F-15E स्ट्राइक इगल जेट

टॉप स्पीड 2,650 Km/hrs
6,000 रेंज



क्रू मेंबर्स 2 पायलट
11,000 किलो वजन तक के हथियार ले जा सकता है

बंकर और रडार जैसे ठिकानों को नष्ट करने के लिए बना

### A-10 वार्थोग जेट

टॉप स्पीड 700 Km/hrs
45,000 रेंज



क्रू मेंबर्स 1 पायलट
7,200 किलो वजन तक के हथियार ले जा सकता है

### ब्लैक हॉक हैलिकॉप्टर

टॉप स्पीड 294 Km/hrs
19,000 रेंज



क्रू मेंबर्स 2 पायलट 1 क्रू चीफ
4,100 किलो वजन तक के हथियार ले जा सकता है

सैनिकों को तेजी से पहुंचाना और सुरक्षित निकालना

■ वर्ष-12 अंक-152 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 06 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

**मातरं पितरं चैव यस्तु कुर्यात् प्रदक्षिणम्।**
**प्रदक्षिणीकृता तेन सप्तद्वीपा वसुन्धरा।।**

**भावार्थ** : जो माता और पिता की परिक्रमा करता है, उसने पृथ्वी को उसके सात महाद्वीपों के साथ परिभ्रमण किया है।

**गुरु पत्नी राजपत्नी ज्येष्ठ पत्नी तथैव च।**
**पत्नी माता स्वमाता च पंचैता मातरः स्मृताः।।**

**भावार्थ** : गुरु की पत्नी, राजा की पत्नी, बड़े भाई की पत्नी, पत्नी की माता और स्वयं की माता- इन पांचों को माता कहा गया है।

## सम्पादकीयम्

### आर्थिकपरिणामः

विदेशीयविनिमयभण्डारं अपि प्रभावितं करिष्यति, महङ्गानि वर्धमानस्य विषये आशङ्का च उत्पद्यते। सर्वकारेण प्रकाशितानां तथ्यानां अनुसारं फरवरीमासे खुदरा-महङ्गानि ३.२१% यावत् वर्धिता। आर्थिकपरिणामः - यदि कच्चे तेलस्य मूल्यं विस्तारितावधिपर्यन्तं प्रतिबैरल् १०० डॉलरस्तरात् उपरि तिष्ठति तर्हि एतस्य भारतीय अर्थव्यवस्थायां घोरः प्रभावः भवितुम् अर्हति इति आशङ्का वर्तते। एतादृशे परिदृश्ये ऋणरेटिंग एजेन्सी आईसीआरए इत्यस्य परियोजना अस्ति यत् भारतस्य चालूलेखाघातः २०२६-२७ वित्तीयवर्षस्य सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य १.९% तः २.२% पर्यन्तं भवितुम् अर्हति व्यापकः प्रभावः। सम्प्रति सर्वकारेण तैलस्य मूल्येषु किमपि वृद्धिः न कृता अस्ति। यद्यपि एतत् साधारणग्राहकानाम् कृते राहतरूपेण आगच्छति तथापि अन्तर्राष्ट्रीयविपण्ये मूल्यवृद्धेः प्रभावः अन्येषु प्रकारेषु जनान् प्रभावितं करिष्यति इति अनिवार्यम्। अपि च पश्चिम एशियायां संकटः केवलं तैल-गैस-योः मध्ये एव सीमितः नास्ति। अरबराष्ट्रैः सह व्यापारस्य कृते होर्मुज्-जलसन्धिः अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः मार्गः इति कार्यं करोति। खाड़ीक्षेत्रे बहुसंख्याकाः भारतीयाः कार्यं कुर्वन्ति, येन बहुमूल्यं विदेशीयविनिमयस्य अर्जनं भवति। यदि विग्रहकारणात् प्रेषणस्य न्यूनता भवति तर्हि एतदपि भारतीयमुद्रायाः शुभसूचकं न स्यात्। राहतपरिहाराः केन्द्रीय पेट्रोलियममन्त्री हरदीपसिंहपुरी लोकसभायां उक्तवान् यत्, आधुनिक ऊजार्याः।

#### अपि च एआइ-प्रयोगेन क्लासिक-चलच्चित्रेषु

## रांझाना चलच्चित्रं वैकल्पिकसमाप्त्या पुनः प्रदर्शितम्-एआइ-साहाय्येन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अपि च एआइ-प्रयोगेन क्लासिक-चलच्चित्रेषु अपि नूतनं परिवर्तनं क्रियते । यथा, रांझाना इति चलच्चित्रं वैकल्पिकसमाप्त्या पुनः प्रदर्शितम्-एआइ-साहाय्येन उत्पन्नम्-यस्मिन् मूलदुःखदं पराकाष्ठा सुखदं पराकाष्ठां परिणतम्। परन्तु अभिनेता धनुषः अस्य परिवर्तनस्य विषये स्वस्य अप्रसन्नतां प्रकटितवान्, एतत् कृतिस्य मूलकला-अखण्डतायाः छेदनम् इति वर्णितवान्।

अपरपक्षे एआइ-जनितसामग्रीविषये प्रेक्षकाणां प्रतिक्रियाः मिश्रिताः सन्ति। महाभारतस्य नूतनं संस्करणं यत्र कोटि-कोटि-दृश्यानि आकर्षयति स्म, तत्र तस्य गुणवत्तायाः प्रामाणिकतायाश्च विषये आलोचनायाः सामना अपि अभवत्; अनेके दर्शकाः तस्य दृश्यानि, ओष्ठ-समागमं च अप्राकृतिकम् इति वर्णितवन्तः।

वैश्विकरूपेण अपि अस्य परिवर्तनस्य परितः चर्चाः तीव्राः भवन्ति। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनविडिया इत्यादयः प्रमुखाः टेक दिग्गजाः भारतीय चलच्चित्रनिमार्तृभिः सह विभिन्नेषु एआइ-सञ्चालितपरियोजनेषु सहकार्यं कुर्वन्ति। एतेषां कम्पनीनां मतं यत् एआइ इत्यस्य क्षमता अस्ति यत् लघु-परिमाणस्य स्वतन्त्रस्य च कलाकारानां अपि सशक्तीकरणस्य क्षमता अस्ति यत् ते सामान्यतया बृहत्-स्तरीय-निमार्णैः सह सम्बद्धस्य कैलिबरस्य सामग्रीं उत्पादयितुं शक्नुवन्ति।

परन्तु अस्य प्रौद्योगिक्याः वर्धमानस्य स्वीकरणस्य विषये अपि चिन्ता उत्पद्यते। प्रसिद्धः चलच्चित्रनिर्देशकः अनुरागकश्यपः एआइ इत्यस्य अनियंत्रितप्रयोगे प्रश्नं कृतवान्। सः तर्कयति यत् भारते सिनेमा कलारूपात् वाणिज्यिक-उद्यमरूपेण विकसितम् अस्ति, तथा च स्टूडियो-संस्थाः अधिकतमं लाभं प्राप्तुं एआइ-इत्यस्य अधिकाधिकं लाभं गृह्णन्ति-विशेषतः पौराणिककथा-आधारित-चलच्चित्रेषु।

विशेषज्ञाः भविष्यवाणीं कुर्वन्ति यत् एआइ इत्यनेन निकटभविष्यत्काले भारतीयमाध्यमानां मनोरञ्जन-उद्योगस्य च राजस्वं प्रायः १० प्रतिशतं वर्धयितुं शक्यते, तथैव उत्पादनव्ययस्य १५ प्रतिशतं यावत् न्यूनीकरणं कर्तुं शक्यते अत एव अधुना एआइ-प्रौद्योगिक्याः उपयोगेन स्वस्य सम्पूर्णस्य चलच्चित्रपुस्तकालयस्य पुनः निमार्णं पुनः प्रस्तुतीकरणं च कर्तुं अनेके प्रमुखाः निर्माणगृहाणि योजनां निर्मान्ति। अन्ततः एआइ भारतीयचलच्चित्रस्य कृते महत्त्वपूर्णः अवसरः, भयंकरः आव्हानः च इति द्वयोः रूपेण उद्भूतः अस्ति। एकतः एतेन चलच्चित्रनिमार्णं सस्तां, द्रुततरं, प्रौद्योगिक्याः उन्नतं च भवति, अपरतः कलात्मकमौलिकता, कलाकारानां अधिकारः, प्रेक्षकाणां भावना च इति विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पद्यन्ते आगामिषु काले एतत् अवलोकयितुं।

#### कन्यायाः अन्वेषणं महती सिद्धम्

## ग्वारीघाटे धोखाधड़ीं कृत्वा युवती सहकारिणश्च 35,000 सह पलायन्ते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

विवाहस्य बहाने कृतस्य धोखाधड़ीयाः प्रकरणं जबलपुरस्य ग्वारीघाटपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे प्रकाशितम् अस्ति–क्षेत्रस्य संस्कारधनी (सांस्कृतिकराजधानी)। अत्र एकः अपराधीदलः एकस्य युवकस्य विवाहस्य व्यवस्थापनस्य मिथ्याप्रतिज्ञां कृत्वा तस्य विरुद्धं ३५,००० इत्येव घोटालं कृतवान्। एषा घटना क्षेत्रे हलचलं जनयति; इदानीं पीडितः न्यायस्य अन्वेषणार्थं भ्रमन् अनिश्चिततायां तिष्ठति, यतः पुलिसैः अद्यापि किमपि ठोसकार्यं न कृतम्।

घटनाक्रमानुसारं पीडितः–युवकः–प्रारम्भे तस्य कृते योग्या वधूः प्राप्ता इति वञ्चितः आसीत् गिरोहस्य सरगना-एकः युवती-स्वस्य पुरुषसहकारिद्वयेन सह, भावी वधूया सह परिचयस्य बहाने पीडितां ग्वारिघाटस्य समीपे एकस्मिन् स्थाने आहूतवती यदा सः युवकः निर्दिष्टस्थानं प्राप्तवान् तदा अभियुक्तः तस्य वातालापं कृत्वा विवाहसम्बद्धानि औपचारिकतानि पूर्णानि इति आडम्बरेण धनं याचयितुम् आरब्धवान् पूर्वनियोजितरूपेण कार्यं कृत्वा अभियुक्तः युवकस्य उपरि दबावं कृत्वा धनं निष्कासितवान्-नगदरूपेण शेषं भागं ऑनलाइन-भुगतान-माध्यमेन प्राप्य।

धनं प्राप्त्वा अन्तधार्नं जातम् धनं प्राप्य तत्क्षणमेव अभियुक्ताः स्वस्य मोबाईलफोनं निष्क्रियं कृत्वा घटनास्थलात् अन्तधार्नं कृतवन्तः। सः वञ्चितः इति अवगत्य तत्क्षणमेव ग्वारीघाट-स्थानके पुलिसं सचेष्टितवान्। घटनायाः विवरणं कृत्वा वित्तीयव्यवहारस्य प्रमाणं दत्त्वा लिखितशिकायतां प्रदत्ता अस्ति। एतदपि प्रकरणसम्बद्धं प्रथमसूचनाप्रतिवेदनं अद्यापि न पञ्जीकृतम्। अभियुक्तानां गृहीतुं असफलतायाः कारणात् तेषां साहसं जातम्।

## समग्रतया पश्चिम एशिया-संकटस्य मध्ये भारतेन कृतं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अपि च, यदि पश्चिम एशियायां तेषां उपस्थितिः कस्यापि कारणात् सर्वथा आवश्यकी अस्ति तर्हि तेषां कृते स्थानीयभारतदूतावासेन सह नित्यं सम्पर्कं स्थापयितुं आग्रहः कृतः अस्ति। आगामिदिनेषु अतिरिक्तराहतपरिहाराः कार्यान्विताः भवितुम् अर्हन्ति, यत् स्थितिः कथं विकसिता भवति इति अवलम्ब्य। समग्रतया पश्चिम एशिया-संकटस्य मध्ये भारतेन कृतं एतत् व्यापकं उद्धार-कार्यक्रमं न केवलं मानवीयदृष्ट्या महत्त्वपूर्णं अपितु वैश्विक-मञ्चे भारतस्य क्षमतां प्रतिबद्धतां च रेखांकयितुं अपि कार्यं करोति। अधुना सर्वेषां दृष्टिः अस्मिन् विषये केन्द्रीभूता अस्ति यत् अस्मिन् प्रदेशे स्थितिः कदा स्थिरं भविष्यति, अवशिष्टानां भारतीयनागरिकाणां सुरक्षितं प्रत्यागमनं कदा पूर्णतया सम्पन्नं भविष्यति इति।

## राशिफल

**मेष** : ऑफिस में किसी बात को लेकर अचानक बदलाव हो सकता है, इसलिए पहले से प्लान बनाकर चलना ठीक रहेगा।

**वृषभ** : पैसों के मामले में स्थिति संभली रहेगी। खर्च रहेगा, लेकिन कंट्रोल में रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा।

**मिथुन** : जरूरी काम पहले निपटाना बेहतर रहेगा। पैसों के मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से बचें।

**कर्क** : कामकाज में सब ठीक रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर चर्चा हो सकती है। पैसों के मामले में स्थिति सामान्य है।

**सिंह** : ऐसे में गुस्से से बचना जरूरी रहेगा। ऑफिस में किसी की बात को गलत समझने से बचें।

**कन्या** : कामकाज में धीरे-धीरे प्रगति होगी। पैसों के मामले में स्थिति ठीक है, लेकिन खर्च पर नजर रखें।

**तुला** : किसी के साथ मिलकर काम करना पड़े तो बात साफ रखें। पैसों के मामले में दिन ठीक है। रिश्तों में समझदारी दिखानी होगी।

**वृश्चिक** : कामकाज में स्थिति सामान्य रहेगी। ऑफिस में किसी बात को लेकर दोबारा सोचने की जरूरत पड़ सकती है।

**धनु** : ऑफिस में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है। पैसों के मामले में स्थिति ठीक है। परिवार में सहयोग मिलेगा।

**मकर** : कामकाज में स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन आप ज्यादा सोच सकते हैं। पैसों के मामले में सावधानी रखें।

**कुंभ** : पैसों के मामले में दिन सामान्य है। किसी पुराने काम को पूरा करने का मौका मिल सकता है।

**मीन** : कामकाज में जल्दीबाजी से बचना बेहतर रहेगा। पैसों के मामले में कोई बड़ा फैसला टाल सकते हैं।

### ज्योतिष/वास्तु

# चंद्रमा ने किया तुला राशि में प्रवेश, इन तीन राशि के जातकों को हो सकता है नुकसान



चंद्रमा ने तुला राशि में गोचर किया है, जो कुछ राशियों के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लोगों को इस दौरान सतर्क रहने की जरूरत है।

ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को मन, भावनाओं और दैनिक जीवन के उतार-चढ़ाव का कारक माना जाता है। ऐसे में जब भी चंद्रमा राशि परिवर्तन करता है, तो इसका असर सभी राशियों पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलता है। 3 अप्रैल की सुबह चंद्रमा ने तुला राशि में प्रवेश किया है। इस बार का यह गोचर कुछ राशियों के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। खासकर करियर, आर्थिक स्थिति और मानसिक संतुलन पर इसका प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए इन राशियों के लोगों को इस दौरान सतर्क रहने के साथ-साथ कुछ सरल उपाय अपनाने की भी जरूरत है, जिससे नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि वालों के लिए चंद्रमा का यह गोचर छठे भाव में हो रहा है। ज्योतिष के अनुसार छठा भाव शत्रु, रोग और संघर्ष से जुड़ा होता है, इसलिए इस दौरान आपको कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। विरोधी या प्रतिस्पर्धी सक्रिय हो सकते हैं और आपकी छवि को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं। ऑफिस की राजनीति से दूरी बनाकर रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आर्थिक मामलों में भी सतर्कता जरूरी है, किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें। इस समय सोच-समझकर ही निवेश या लेन-देन करें। मानसिक तनाव से बचने के लिए शांत रहें और संयम बनाए रखें।

**उपाय–** भगवान शिव की नियमित पूजा करना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए चंद्रमा का गोचर द्वादश भाव में हो रहा है, जिसे खर्च और हानि का भाव माना जाता है। इस समय अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं और आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है। किसी भी प्रकार के बड़े निवेश या उधार देने से बचना चाहिए। कार्यस्थल पर आपके कामकाज पर वरिष्ठ अधिकारियों की नजर रहेगी, इसलिए लापरवाही बिल्कुल न करें। बजट बनाकर चलना बेहद जरूरी होगा। अपने काम को समय पर और पूरी ईमानदारी से पूरा करें। ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखें जो आपके भरोसे का गलत फायदा उठा सकते हैं।

**उपाय–** इस दौरान मानसिक शांति बनाए रखने के लिए नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**मीन राशि–** मीन राशि के लिए चंद्रमा का गोचर अष्टम भाव में हो रहा है, जिसे अनिश्चितता और अचानक घटनाओं का भाव कहा जाता है। इस समय आपको विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि अचानक किसी समस्या या दुर्घटना की संभावना बन सकती है। यात्रा करते समय खास ध्यान रखें और कीमती सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करें। बेवजह की चिंता और तनाव से खुद को दूर रखें, क्योंकि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें और धैर्य के साथ काम लें।

**उपाय–** शिवलिंग पर जल अर्पित करें, जिससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव कम होगा।

## खबर एक नजर...

### म्युल अकाउंट धारक से पुलिस रिमांड पर पूछताछ

**उज्जैन।** माधवनगर थाना पुलिस ने 1 अप्रैल को वरुचि मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में महानंदानगर के रहने वाले छायेश सेन के नाम से म्युल अकाउंट की जानकारी होने पर प्रकरण दर्ज किया था। छायेश के खाते में 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर2025 तक 67.64 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। मामले की जांच करने पर पता चला कि उक्त आकाउंट को दानू उर्फ अरमान और राहुल कुमार मालवीय द्वारा संचालित किया जा रहा था। छायेश ने अपनी चैक बुक, एटीएम भी दोनों को दे रखा था। उक्त मामले में छायेश सेन को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर राहुल और दानू उर्फ अरमान की जानकारी जुटाई जा रही है। जिनके गिरफ्त में आने पर मामले में कई खुलासे हो सकते है।

### दुर्घटना में घायल की पांच माह बाद मौत

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र में पांच माह पहले बाइक सवार ने तूफान पिता पर्वतसिंह 50 साल को टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर तूफान को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। 2 माह तक चले उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी थी। तूफान चलने-फिरने में असमर्थ हो चुका था, वह बिस्तर पर ही रहता था। कुछ दिन पहले उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां शनिवार-रविवार रात उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस को घायल की मौत होने सूचना चरक अस्पताल से मिली तो मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। प्रधान आरक्षक प्रवीण चौहान ने बताया कि मामला राघवी क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### चालक की आटो में मिली लाश, मामला संदिग्ध

**उज्जैन।** चालक की उसकी ही आटो में लाश मिलने का मामला सामने आया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड पर शराब दुकान के पास से शव मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक चालक गांधीनगर का रहने वाला राजेश पिता बालमुकुंद सिसौदिया था। भाई मोहनसिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे थे। इस दौरान हाथ झुलसे और शरीर पर कुछ चोंट के निशान भी प्रतीत हो रहे थे। राजेश एक दिन पहले रिक्शा लेकर निकला था, जिसके बाद नहीं लौटा था। राजेश 3 बच्चों का पिता था। भाई ने आशंका जताई कि राजेश के साथ अनहोनी हुई है। पुलिस के अनुसार फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो जायेगी। वैसे मामला बीमारी के चलते मौत होने का लग रहा है।

### आटो चालक ने मारी टक्कर क्षतिग्रस्त हुई ई-रिक्शा

**उज्जैन।** देवासगेट थाना क्षेत्र के फ्रीगंज ब्रिज पेट्रोल के सामने आटो चालक ने ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 13 झेड एक्स 7239 को साइड से टक्कर मार दी। घटनाक्रम में रिक्शा का टायर फूट गया और डिस्क टूट गई। आटो चालक मौके से भाग निकला। रिक्शा में काफी नुकसान होने पर चालक अर्जुन पिता पप्पू बागवान निवासी ग्राम चंदेसरी नागझिरी देवासगेट थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। चालक अर्जुन ने पुलिस को टक्कर मारने वाली आटो का नम्बर एमपी 13 आर 1179 बताया। पुलिस ने घटनास्थल जाकर जांच की और मामले में आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। नम्बर के आधार पर आटो चालक की तलाश की जा रही है।

1 7 8

---

### रतलाम से लाकर बड़नगर में ठिकाने लगाता था ड्रग्स

# पुलिस गिरफ्त में युवक के पास मिली 36.58 ग्राम एमडी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मादक पदार्थ के अवैध कारोबार को लेकर चलाये जा रहे अभियान में बड़नगर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर 36.58 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। युवक रतलाम से लाकर बड़गर में बेचने का काम करता था। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक युवक यात्री प्रतिक्षालय रूनिजा ब्रिज के पास खड़ा है। जिसके पास मादक पदार्थ है। तत्काल एसआई सुरेन्द्र गरवाल, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मोर्य के साथ युवक को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ा गया और तलाशी ली गई। उसके पास से प्लास्टिक की थैली में भरा भूरे रंग का मादक पदार्थ बरामद हो गया। जो एमडी ड्रग्स था, युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शेरू पिता इफ्तकार हुसैन 25 साल निवासी नटराज टॉकिज बड़नगर होना बताया। उसके पास से 1 लाख कीमत की 36.58 ग्राम ड्रग्स बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। रविवार को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह फर्नीचर बनाने का काम करता है और एमडी ड्रग्स रतलाम से लेकर आता है। उसे जीजा नामक व्यक्ति ड्रग्स उपलब्ध करता है। वह पूर्व में भी एक बार रतलाम से ड्रग्स ला चुका है, जिसे नशा करने वालों को बेचता है। थाना प्रभारी के अनुसार एमडी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले और खरीदने वालों की तलाश शुरू की गई है। एक टीम रतलाम भेजी जायेगी। संभावना है कि मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े कई लोगों की जानकारी सामने आ सकती है।

**अब तक 15 लाख का मादक पदार्थ जप्त-** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर उज्जैन जिले में 1 से 10 अप्रैल तक अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिफ्त लोगों की धरपकड़ का अभियान शुरू किया गया है। जिसके शुरूआती 5 दिनों में बड़नगर, भाटपचलाना, चिमनगंज, नीलगंगा पुलिस द्वारा 75 किलो केमिकल क्रिस्टल, 1.840 ग्राम गांजा और 37 ग्राम के लगभग एमडी ड्रग्स बरामद किया जा चुका है। जिसकी कीमत 15 लाख से अधिक है। चार थाना पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे रिमांड पर पूछताछ जारी है।



### इधर पार्किंग में खड़े युवक के पास मिली ड्रग्स

मादक पदार्थ को लेकर चलाये जा रहे अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस ने वजीर पार्क कालोनी में रहने वाले आमिर पिता शाहिद खान 27 साल को 15 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रविवार को सूचना मिली थी कि वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग में खड़े युवक के पास मादक पदार्थ है। जिसे पकड़ने के लिये एसआई वेदप्रकाश साहू, आरक्षक पुष्पराजसिंह, अंकित चौहान और योगेश शर्मा को रवाना किया गया था। आमिर को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उससे जुड़े कुछ लोगों की जानकारी सामने आई है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## आदेश का उल्लघंन करते मिला जिलाबदर बदमाश



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश मेहरबान पिता बापू बागरी 43 साल निवासी नयापुरा नरवर को जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये जिले की सीमा से बाहर किया गया था। पुलिस ने बदमाश ने आदेश का नोटिस तामिल कराकर उसे जिले की सीमा से बाहर छोड़ दिया था। 4 माह बाद बदमाश शनिवार-रविवार रात नरवर थाना क्षेत्र में घूम रहा था। जिलाबदर बदमाश की खबर मिलते थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई, एएसआई लोकेन्द्रसिंह जादौन, खलील खान, आरक्षक जीवन चौधरी और तुलसीराम पटेल ने नयापुरा पहुंचकर घेराबंदी की और बदमाश को उसके निवास स्थान के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश के खिलाफ धारा 14 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम का मामला दर्ज कर रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

## मक्सीरोड पर बाइक सवार को डंपर ने कुचला, मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मक्सीरोड पर रविवार दोपहर बाइक सवार को पीछे से तेजगति में आये डंपर ने टक्कर मार दी। बाइक सवार गिर गया, डंपर उसे कुचलता हुआ भाग निकला। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने डंपर का पीछा कर उसे जप्त किया, चालक भाग निकला था।

पंवासा थाना एएसआई सीताराम भूरिया ने बताया कि पंवासा चौराहा गरोठ ब्रिज से उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर दोपहर 12.30 बजे के लगभग बाइक सवार को पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मारकर कुचल दिया था। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। डंपर मक्सीरोड की ओर भाग था। जिसका पीछा किया गया और इस दौरान कुछ दूरी पर चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। डंपर जप्त किया गया है। दुर्घटना स्थल से मृतक को अस्पताल



पहुंचाया गया। उसकी पहचान करने पर सामने आया कि ग्राम ब्यावरा का रहने वाला शाहरूख पिता अरब अली पटेल 25 साल है। परिजनों को सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गये थे। इस दौरान सामने आया कि मृतक ब्लॉक बनाने का काम करता था और दोपहर में घर लौट रहा था। एएसआई भूरिया के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में डंपर चालक की तलाश की जा रही है।


### शाम को दुर्घटना में वृद्ध की गई जान

दोपहर में हुई दुर्घटना के बाद शाम पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर सुमित किराना के सामने सब्जी का ठेला लगाने वाले वृद्ध रामप्रसाद पिता गोंदा मालवीय की दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रामप्रसाद पंवासा के रहने वाले थे और अविवाहित थे। वह सब्जी का ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहे थे। शाम को घर लौटते समय तेजगति से बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पंवासा थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### सीसीटीवी में दिखा घटनाक्रम, आरोपी की तलाश में दबिश

# पुराने विवाद में युवक के सीने में चाकू घोंपकर हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पुराने विवाद में रविवार शाम बदमाश ने युवक की सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। घायल को एक युवक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज मिला है। जिसमें बदमाश हमला करता दिखाई दे रहा है। बदमाश की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र की उद्योगपुरी क्षेत्र का है। जहां ढांचा भवन में रहने वाले केवल उर्फ केके पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव 35 साल की शाम 4 बजे चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। केवल को घायल हालत में देख कारखाने में काम करने वाला योगेश चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान सीने में चाकू का गहरा घाव होना पाया। मामले की सूचना मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक के परिजन से चर्चा की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें बदमाश चाकू से हमला करता दिखाई दिया। बदमाश की पहचान करने पर सामने आया कि बहादुरगंज क्षेत्र का रहने वाला शेखर टंटा है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि योगेश की शिकायत पर मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर एक टीम आरोपी की तलाश में रवाना की गई है। संभावना है कि जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**2 दिन पहले हुआ था विवाद-** बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपी के बीच 2 दिन पहले विवाद हुआ था। दोनों नशा करने के आदी है। पुराने विवाद में ही शेखर ने उद्योगपुरी में घूम रहे केके पर अचानक आकर चाकू से सीने पर वार किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक के खिलाफ 10 से 11 अपराधिक मामले दर्ज है। वहीं जानकारी सामने आई है कि चाकू मारने वाले के खिलाफ भी डेढ़ दर्जन के लगभग अपराध अलग-अलग थानों में दर्ज है।

**बुधवार-गुरूवार रात हुई थी हत्या-** चिमनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरूवार रात भी हत्या का मामला सामने आया था। लिफ्ट मांगने की बात पर हुए विवाद में बेगमबाग कालोनी के रहने वाले भूरू उर्फ आरिफ की बाइक सवार 3 युवकों मोनू उर्फ दीपांशु बुंदेला शिवशक्तिनगर, लक्की और रेहान निवासी गांधी नगर ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने चंद घंटों में मोनू उर्फ दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे 2 दिन की रिमांड के बाद रविवार को जेल भेजा गया। हत्या में शामिल रेहान और लक्की रविवार देर शाम तक पुलिस की हिरासत में नहीं आ पाये थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com